# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

सूर्योदय सुबह 7:20 बजे
सूर्यास्त शाम 5:31 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-115 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • मंगलवार 30 दिसंबर 2025 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल


## न्यूज़ ब्रीफ

### दरबार साहिब के पास कब्जे : सिद्धू

**अमृतसर|** नवजोत कौर सिद्धू ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री भगवंत मान को टैग करते हुए गोल्डन टेंपल के आसपास की स्थिति को गंभीर बताया है। उन्होंने कहा कि जमीनी हकीकत सरकारी बयानों से अलग है और हालात चिंताजनक हैं। नवजोत कौर के अनुसार, पवित्र स्थल के आसपास नशेड़ियों और अवैध कब्जाधारियों की मौजूदगी बढ़ रही है। यहां लूटपाट और अवैध निर्माण भी हो रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से स्थानीय निकाय विभाग को अतिक्रमण हटाने, 24 घंटे सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने और स्थायी पुलिस सुरक्षा तैनात करने की मांग की है।

### इंद्रजीत सिंह के 10 ठिकानों पर ईडी रेड

**नई दिल्ली|** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हत्या, जबरन वसूली, जालसाजी और अवैध वसूली जैसे गंभीर आरोपों में वांछित इंद्रजीत सिंह यादव के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने 26 और 27 दिसंबर 2025 को दिल्ली, गुरुग्राम और रोहतक में उसके 10 ठिकानों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 5 लग्जरी कारें, बैंक लॉकर, 17 लाख रुपये नकद, आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और महत्वपूर्ण डेटा जब्त किया गया।ईडी के अनुसार यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 के तहत दर्ज मामले में की गई है।

### समिति ने जी राम जी पर की समीक्षा

**नई दिल्ली|** संसदीय स्थायी समिति ने सोमवार को मनरेगा से विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी (ग्रामीण) अधिनियम में बदलाव की प्रक्रिया की समीक्षा की। समिति के सदस्यों ने अगले छह महीनों में संक्रमण अवधि के दौरान भुगतान व्यवस्था, बजटीय सहायता और नीतियों के सुचारू हस्तांतरण को लेकर चिंता जताई। हालांकि किसी भी सदस्य ने नए कानून का विरोध नहीं किया। सूत्रों के अनुसार, सदस्यों ने कहा कि नए अधिनियम को लागू करने में कम से कम छह महीने लगेंगे, क्योंकि इसके नियम तैयार होने के बाद ही यह प्रभावी होगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने कुलदीप सेंगर की जमानत पर लगाई रोक

## हाईकोर्ट के जमानत आदेश पर लगाई रोक, 4 हफ्ते में जवाब-तलब

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

उन्नाव रेप मामले में बीजेपी के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को बड़ी राहत देने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने सेंगर को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद होगी।



सोमवार को सेंगर की सजा निलंबन (सस्पेंशन) को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ में जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह शामिल थे। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने 23 दिसंबर 2025 को दिए गए दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह भयावह मामला है और इसमें आईपीसी की धारा 376 तथा पॉक्सो कानून के तहत आरोप तय हुए थे। संशोधित कानून के अनुसार ऐसे मामलों में न्यूनतम सजा 20 साल की कैद है, जिसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है। सीजेआई ने पूछा कि यदि पीड़िता नाबालिग न भी हो, तब भी क्या न्यूनतम सजा लागू होगी। इस पर मेहता ने स्पष्ट किया कि कानून संशोधन के बाद न्यूनतम सजा 20 साल तय है। सीजेआई ने कहा कि प्रथम दृष्टया इस मामले में कानून से जुड़े गंभीर और महत्वपूर्ण प्रश्न उठते हैं, जिन पर विस्तार से विचार आवश्यक है। आम तौर पर अदालत बिना दोषी को सुने रिहाई संबंधी आदेश पर रोक नहीं लगाती, लेकिन इस मामले में परिस्थितियां अलग हैं, क्योंकि सेंगर एक अन्य मामले में पहले से दोषी ठहराया जा चुका है। इसलिए विशेष परिस्थितियों को देखते हुए हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाई जाती है। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि हाईकोर्ट के आदेश देने वाले जज देश के बेहतरीन न्यायाधीशों में शामिल हैं, लेकिन गलती किसी से भी हो सकती है। कोर्ट ने पॉक्सो कानून में लोक सेवक की परिभाषा को लेकर चिंता जताई और पूछा कि जब एक पुलिस कांस्टेबल को लोक सेवक माना जाता है, तो निर्वाचित जनप्रतिनिधि विधायक या सांसद को इससे बाहर कैसे रखा जा सकता है।

23 दिसंबर को दिल्ली हाईकोर्ट ने कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा सस्पेंड करते हुए जमानत दी थी, साथ ही शर्त रखी थी कि वह पीड़िता से पांच किलोमीटर की दूरी बनाए रखेगा। तीन दिन पहले सीबीआई ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर अब शीर्ष अदालत ने रोक लगा दी है।

### 2017 में दर्ज हुआ था केस

*खुद को नाबालिग बताने वाली 17 वर्षीय किशोरी ने आरोप लगाया था कि 4 जून 2017 को कुलदीप सिंह सेंगर ने उसे नौकरी दिलाने का झांसा देकर आवास बुलाया और दुष्कर्म किया। घटना के बाद वह स्वजन के साथ माखी थाना पहुंची पर विधायक के प्रभाव में पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। जून 2017 से मार्च 2018 तक लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। तीन अप्रैल को पीड़िता के पिता को पीटा गया और कुलदीप सेंगर के प्रभाव में पुलिस ने उल्टे ही पिता को जेल भेज दिया। आठ अप्रैल 2018 को किशोरी ने लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास के सामने आत्मदाह का प्रयास किया। आठ अप्रैल 2018 की रात पीड़िता के पिता की जेल में हालत बिगड़ गई थी। नौ अप्रैल को तड़के जिला अस्पताल में पिता ने दम तोड़ दिया था। इसी के बाद कुलदीप व उनके भाई अतुल समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज हुआ। 13 अप्रैल 2018 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर पूरे मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी गई थी।*

# टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस की दो बोगी में लगी आग,एक की मौत



**एजेंसी | विशाखापट्टनम**

विशाखापट्टनम से करीब 66 किमी दूर येलमंचिली में टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस ट्रेन के दो डिब्बों में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार रात 12:45 बजे ट्रेन में आग लगने की सूचना मिली, और ट्रेन उसी समय येलमंचिली रेलवे स्टेशन पर थी। जानकारी के अनुसार, आग पहले B1 कोच में लगी और फिर M2 कोच तक फैल गई। B1 और M2 कोच में 82 और 76 यात्री थे। आग की लपटें देखकर यात्रियों में अफरातफरी मच गई और उन्होंने इमरजेंसी चेन खींचकर ट्रेन से बाहर भागकर अपनी जान बचाई।

B1 कोच में एक मृतक पाया गया, जिनकी पहचान 70 वर्षीय चंद्रशेखर सुंदरम के रूप में हुई। रेलवे अधिकारियों ने जले हुए कोच को अलग करके ट्रेन को एर्नाकुलम की ओर रवाना किया। यात्री अब दूसरे साधनों से अपने गंतव्य तक पहुँचाए जाएंगे। घटनास्थल पर दो फोरेंसिक टीम आग लगने के कारणों की जांच कर रही हैं।

### रोडवेज बस क्रेन से टकराई, 50 घायल

**जम्मू|** *रिंग रोड पर एक सड़क दुर्घटना में पंजाब से जम्मू जा रही पंजाब रोडवेज की बस सड़क किनारे खड़ी क्रेन से टकरा गई। इस हादसे में करीब 50 यात्री घायल हो गए, जिनमें 3 से 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। क्रेन की मदद से सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य चल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर खड़ी क्रेन से जा टकराई।*

# असम को घुसपैठिया मुक्त करेंगे: शाह

## 227 करोड़ की बटाद्रवा परियोजना का उद्घाटन शाह ने किया

**समर न्यूज़ | गुवाहाटी**

असम के बटाद्रवा थान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 227 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित श्रीमंत शंकरदेव आविर्भाव क्षेत्र का उद्घाटन किया। यह स्थल असम के महान वैष्णव संत और समाज सुधारक श्रीमंत शंकरदेव की जन्मभूमि है।



अमित शाह

कार्यक्रम के दौरान अमित शाह का पारंपरिक सत्रिया नृत्य और संगीत से स्वागत किया गया। उन्होंने गुरु आसन वाले मुख्य भवन में दर्शन भी किए। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने उग्रवादी संगठनों के साथ किए गए शांति समझौतों की 92 प्रतिशत शर्तें पूरी कर ली हैं, जिससे असम में शांति और विकास की स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि बटाद्रवा थान नव-वैष्णव धर्म का प्रमुख केंद्र है और यह असम की सांस्कृतिक एकता व आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। इस परियोजना से पर्यटन और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

अमित शाह ने दावा किया कि केंद्र सरकार के प्रयासों से असम में शांति, विकास और सांस्कृतिक संरक्षण को नई दिशा मिली है। उन्होंने गुवाहाटी में नई सुरक्षा व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे शहर और अधिक सुरक्षित बनेगा। साथ ही उन्होंने असम की जनता से एक बार फिर भाजपा को समर्थन देने की अपील करते हुए कहा कि उनकी सरकार पूरे असम को घुसपैठियों से मुक्त करेगी। अमित शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का उल्लेख करते हुए कहा कि असम ने उन्हें राज्यसभा भेजा, लेकिन वे अपने कार्यकाल में केवल सात बार ही असम आए, जिनमें से दो बार सिर्फ नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए थे। श्रीमंत शंकरदेव आविर्भाव क्षेत्र के पुनर्विकास को 2021-22 के राज्य बजट में स्वीकृति दी गई थी। इस परियोजना का उद्देश्य शंकरदेव के आदर्शों, जीवन-दर्शन और उनके कलात्मक योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है।

# सुप्रीम कोर्ट ने अरावली फैसले पर लगाई रोक... हाई-पावर्ड समिति करेगी समीक्षा

## कोर्ट ने केंद्र-राज्य सरकारों को भेजा नोटिस, 21 जनवरी को होगी अगली सुनवाई

**समर न्यूज़ नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पहाड़ियों से जुड़े 20 नवंबर 2025 के अपने आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी है। इस आदेश में अरावली की नई परिभाषा तय की गई थी और कई खनन लीजों पर रोक लगाने के निर्देश थे। अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और संबंधित राज्यों दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात को नोटिस जारी करते हुए मामले की गहन समीक्षा के लिए हाई-पावर्ड विशेषज्ञ समिति बनाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि समिति अरावली की संरक्षण योजना, खनन गतिविधियों और विकास योजनाओं का अध्ययन करेगी और अपनी रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष पेश करेगी।

कोर्ट ने कहा कि समिति की रिपोर्ट आने तक 20 नवंबर के आदेश लागू नहीं होंगे। अगली सुनवाई 21 जनवरी 2026 को होगी।

अरावली पहाड़ियां भारत की सबसे पुरानी पर्वतमालाओं में से एक हैं और पर्यावरण, जल संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। सुप्रीम कोर्ट के 20 नवंबर के आदेश में पहाड़ियों की नई परिभाषा, जैसे 100 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र को संवेदनशील माना जाना और खनन पर रोक शामिल थी। यह परिभाषा पर्यावरण विशेषज्ञों और विकास समर्थक उद्योग समूहों के बीच विवाद का कारण बनी थी।

विशेषज्ञ समिति में पर्यावरणविद, भू-वैज्ञानिक और सरकारी अधिकारियों को शामिल किया जाएगा, जो अरावली के संरक्षण और खनन के दायरे का गहन अध्ययन करेंगे। समिति को निर्देश दिए गए हैं कि वे यह भी जांच करें कि किन क्षेत्रों में खनन और निर्माण गतिविधियां पर्यावरणीय रूप से खतरनाक हैं और किन क्षेत्रों में नियामक ढांचे में सुधार की आवश्यकता है।

अरावली मामले में सुप्रीम कोर्ट का यह कदम पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक विकास के बीच संतुलन खोजने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। पर्यावरण संगठन और सामाजिक कार्यकर्ता इसे एक सकारात्मक कदम मान रहे हैं क्योंकि इससे स्थायी संरक्षण के लिए विशेषज्ञ दृष्टिकोण सामने आएगा। वहीं, उद्योग समूह इसे कुछ हद तक राहत की खबर मान रहे हैं, क्योंकि फिलहाल खनन गतिविधियों पर लगी रोक स्थगित हो गई है।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# एनसीबी ने 4.2 किलो ड्रग के साथ 4 आरोपी पकड़े

## गिरफ्तारी से खुली ड्रग्स चेन, करोड़ों की नशे की खेप बरामद, अलग-अलग जगह से मंगाया कच्चा माल

**एजेंसी | बेंगलुरु**

महाराष्ट्र की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स, बंगलूरू सिटी पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने संयुक्त अभियान में ड्रग्स नेटवर्क पर बड़ा प्रहार किया है। 24 और 25 दिसंबर को की गई छापेमारी में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 4.2 किलोग्राम मेफेड्रोन (अनुमानित कीमत 1.2 करोड़ रुपये), 17 किलोग्राम कच्चा रॉ मटीरियल और ड्रग्स निर्माण में प्रयुक्त उपकरण जब्त किए गए। यह कार्रवाई 21 दिसंबर को मुंबई में अब्दुल खादर की गिरफ्तारी से शुरू हुई, जिससे करीब 1.5 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद हुआ था। पूछताछ में बंगलूरू के प्रशांत पाटिल का नाम सामने आया। इसके बाद संयुक्त टीम ने सुरेश यादव और मलखान रामलाल बिश्नोई को भी गिरफ्तार किया। जांच में किसी सक्रिय लैब का पता नहीं चला, हालांकि अलग-अलग स्थानों से कच्चा माल और उपकरण जैसे बैरल, मिक्सर और अन्य सामग्री जब्त की गई। जांच में जब्त पदार्थों में 40 प्रतिशत मेथिलामाइन, 48 प्रतिशत हाइड्रोब्रोमिक एसिड के साथ एल्यूमिनियम क्लोराइड, सोडियम कार्बोनेट और ऑक्सैलिक एसिड पाउडर पाए गए। 4.2 किलोग्राम तैयार पदार्थ में आमतौर पर एम्फेटामिन पाया गया, जबकि मेथाम्फेटामिन और एमडीएमए की पुष्टि नहीं हुई। जब्त ड्रग्स की कुल कीमत लगभग 55 करोड़ रुपये आंकी है। जांच जारी है और नेटवर्क के अन्य लिंक खंगाले जा रहे हैं।

### भाजपा विधायक शरणु पर चेक बाउंस केस

**बेंगलुरु|** कर्नाटक के भाजपा विधायक शरणु सालगर के खिलाफ 99 लाख रुपये के चेक बाउंस के मामले में बसवा कल्याणा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, विधायक पर आरोप है कि उन्होंने 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान चुनावी खर्च पूरे करने के लिए अपने दूर के रिश्तेदार से कर्ज लिया था, जो जनवरी और फरवरी 2023 के बीच किस्तों में दिया गया।

# देहरादून: त्रिपुरा के छात्र की हत्या

## राहुल ने भाजपा पर निशाना साधा कहा, नफरत का अपराध

**समर न्यूज़ | देहरादून**

देहरादून में त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की हत्या ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है। 9 दिसंबर को झगड़े के दौरान एंजेल और उनके भाई माइकल पर हमला हुआ था। 24 वर्षीय एंजेल की 26 दिसंबर को अस्पताल में मौत हो गई। एंजेल के पिता तरुण चकमा का आरोप है कि हमलावरों ने उनके बेटे को नस्लीय गालियां दी थीं। पुलिस ने इस एंगल से इनकार किया है। पुलिस ने दो नाबालिगों समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी यज्ञराज अवस्थी फरार है। राहुल गांधी ने घटना को 'नफरत का अपराध' करार देते हुए भाजपा पर हमला किया।



राहुल गांधी

## पेज 1 एंकर स्टोरी

## महंगी मेमरी चिप से फोन के दाम 40% तक बढ़ सकते हैं

# 2026 में स्मार्टफोन बाजार में बिक्री घटने की आशंका

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

नए साल में भारत का स्मार्टफोन बाजार मांग और शिपमेंट दोनों मोर्चों पर चुनौतीपूर्ण दौर का सामना कर सकता है। वैश्विक स्तर पर मेमरी चिप की लगातार कमी के चलते 2026 की जून तिमाही तक इसकी कीमतों में 40 प्रतिशत तक उछाल आने की आशंका जताई जा रही है। बढ़ती लागत का असर अंततः उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है, जिससे स्मार्टफोन की मांग कमजोर होने की संभावना है। उद्योग विश्लेषकों का कहना है कि चिप की कीमतें बढ़ने से स्मार्टफोन निर्माताओं की उत्पादन लागत में 8 से 15 प्रतिशत तक इजाफा हो सकता है। ऐसे में कंपनियां इस बोझ को पूरी तरह या आंशिक रूप से ग्राहकों पर डालने को मजबूर होंगी। अनुमानों के आधार पर 2026 में गिरावट काफी गंभीर हो सकती है। 10,000 रुपये तक के एंट्री-लेवल स्मार्टफोन सेगमेंट में शिपमेंट वॉल्यूम 15 प्रतिशत से ज्यादा घट सकता है। यह श्रेणी कुल स्मार्टफोन बाजार के लगभग 18 प्रतिशत वॉल्यूम का प्रतिनिधित्व करती है। सभी श्रेणियों को मिलाकर कुल शिपमेंट में औसतन 3 से 5 प्रतिशत की गिरावट देखी जा सकती है। स्मार्टफोन की कुल लागत में मेमरी चिप की हिस्सेदारी 12 से 16 प्रतिशत होती है। ऐसे में मेमरी की कीमत बढ़ने का असर कम कीमत वाले फोन पर ज्यादा पड़ता है, जबकि मिड और प्रीमियम सेगमेंट में कंपनियों के पास लागत समायोजित करने की कुछ गुंजाइश रहती है। यह स्थिति इसलिए भी चिंताजनक मानी जा रही है, क्योंकि पिछले दो वर्षों से स्मार्टफोन शिपमेंट लगभग स्थिर बना हुआ है। अनुमान है कि 2025 में शिपमेंट 15.3 करोड़ यूनिट रहेगा, जो 2024 के स्तर के आसपास है। 2026 में इसमें और गिरावट की आशंका जताई जा रही है। मूल्य के आधार पर देखा जाए तो स्मार्टफोन बाजार 2025 में करीब 9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बंद हो सकता है, जिसका कारण उपभोक्ताओं का प्रीमियम फोन की ओर झुकाव है। 2026 में कीमतों में 5 से 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसकी वजह प्रीमियम सेगमेंट नहीं, बल्कि उत्पादन लागत में बढ़ोतरी होगी। मोबाइल कंपनियां भी इस चुनौती को स्वीकार कर रही हैं। श्याओमी इंडिया के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सुधीन माथुर ने कहा कि हमें कीमतें बढ़ानी पड़ सकती हैं और कई कंपनियां पहले ही ऐसा कर चुकी हैं। मेमरी की बढ़ती लागत को पूरी तरह खुद वहन करना संभव नहीं है। यह भी कहा कि ईएमआई के जरिए फोन खरीदने वाले ग्राहकों पर असर अपेक्षाकृत सीमित रह सकता है। मेमरी की कमी पूरे 2026 तक बनी रह सकती है, क्योंकि बड़ी मात्रा में क्षमता एआई डेटा सेंटर्स द्वारा उपयोग की जा रही है और नई क्षमता जुड़ने में समय लगेगा।






समर एक्सप्रेस



# जालंधर की ज्वेलरी शॉप में 80 लाख की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

## 7 से 8 चोरों ने ज्वेलरी की दुकान को बनाया निशाना, रेकी की जताई जा रही आशंका

**राजू गुप्ता | जालंधर**
**समर न्यूज़**



जालंधर महानगर में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामला शहीद बाबूलाल सिंह नगर स्थित बब्बर ज्वेलर्स की दुकान का है, जहां तड़के दर्जन भर चोरों ने दुकान के ताले सिंबल से तोड़कर बड़ी मात्रा में गहने चोरी कर लिए और मौके से फरार हो गए। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि 7 से 8 चोर दुकान के ताले तोड़ते हैं, जबकि अन्य चोर बाहर खड़े होकर निगरानी करते नजर आ रहे हैं। मामले की जानकारी देते हुए बब्बर ज्वेलर्स के मालिक सोनू बब्बर ने बताया कि चोर दुकान से करीब 25 तोला चांदी और 6 तोला सोना ले गए हैं। पीड़ित दुकानदार के अनुसार चोरी की कुल रकम करीब 80 लाख रुपये आंकी गई है।

घटना की सूचना मिलते ही एसीपी आतिश भाटिया मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। सुबह जब दुकान मालिक दुकान पर पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। दुकान का सामान बिखरा पड़ा था और गहनों की अलमारियां पूरी तरह खाली थीं। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस की टीम ने दुकान का बारीकी से निरीक्षण किया और सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फुटेज में कई बदमाश कुछ ही समय में चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार होते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की संख्या, उनकी गतिविधियों और आने-जाने के रास्तों की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि बदमाशों को दुकान की अंदरूनी जानकारी पहले से थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला गंभीर है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच जारी है।

# पंजाब बोर्ड ने 10वीं-12वीं प्रैक्टिकल परीक्षाओं की डेटशीट की जारी

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड (PSEB) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। बोर्ड के अनुसार, प्रैक्टिकल परीक्षाएं 2 फरवरी से 12 फरवरी 2026 के बीच आयोजित की जाएंगी। डेटशीट जारी होने से राज्यभर के लाखों विद्यार्थियों के साथ-साथ स्कूल प्रबंधन को भी परीक्षा तैयारियों के लिए स्पष्ट दिशा मिल गई है। बोर्ड द्वारा जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि प्रैक्टिकल परीक्षाएं सभी विषयों के लिए अनिवार्य होंगी। इसमें नियमित विद्यार्थियों के साथ-साथ ओपन स्कूल के छात्र, कंपार्टमेंट या री-अपीयर परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी, अतिरिक्त विषय लेने वाले छात्र, दर्जा या प्रदर्शन सुधार (इम्प्रूवमेंट) श्रेणी के विद्यार्थी और वोकेशनल व एनएसक्यूएफ (NSQF) कोर्स के छात्र भी शामिल होंगे।

# पंचायत भिखी में सीवरेज का गंदा पानी बना मुसीबत

## घर-घर घुस रहा गंदा पानी, बदबू और मच्छरों से जीना हुआ मुश्किल

**बलदेव शर्मा | मानसा**
**समर न्यूज़**



जिला मानसा के कस्बा भिखी के वार्ड नंबर 13 की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। वार्ड में वर्षों से सीवरेज का गंदा पानी जमा है, जिससे स्थानीय लोग गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। वार्डवासियों का कहना है कि लगातार जमा गंदे पानी के कारण इलाके में बीमारियां फैल चुकी हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है। लोगों ने बताया कि कई बार नगर पंचायत भिखी के कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन भी किया गया, इसके बावजूद उनकी समस्याओं की अनदेखी की जा रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार सीवरेज का गंदा पानी अब घरों में घुसने लगा है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो गई है। बदबू और मच्छरों के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है, जिन्हें इसी गंदे पानी से होकर स्कूल जाना पड़ता है। पानी से गुजरने के कारण बच्चों के कपड़े खराब हो जाते हैं और कई बच्चों व बुजुर्गों को त्वचा संबंधी रोगों का सामना करना पड़ रहा है।

वार्डवासियों का आरोप है कि नगर पंचायत भिखी के प्रधान की मौजूदगी के बावजूद हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। सीवरेज की निकासी का कोई स्थायी प्रबंध नहीं किया गया और न ही गलियों की मरम्मत की जा रही है। बार-बार शिकायत करने के बाद भी स्थानीय प्रशासन केवल आश्वासन देकर मामले को टाल देता है। वार्ड नंबर 13 के लोगों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द वार्ड की तीन प्रमुख गलियों का निर्माण कराया जाए और सीवरेज के गंदे पानी की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि लोगों को इस गंभीर परेशानी से राहत मिल सके।

# बनूड़ सब-तहसील को मिला पूर्ण तहसील का दर्जा

## सीएम भगवंत मान की कैबिनेट के अहम फैसले

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**



पंजाब मंत्रिमंडल ने आज नागरिकों को प्राथमिकता देने वाली प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से कई अहम फैसलों को मंजूरी दी। कैबिनेट ने साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) जिले के बनूड़ सब-तहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा देने और होशियारपुर जिले में हरियाणा को नई सब-तहसील के रूप में स्थापित करने को स्वीकृति दी। इन फैसलों से आम लोगों को सरकारी सेवाओं तक आसान और नजदीकी पहुंच सुनिश्चित होगी।

मंत्रिमंडल ने पंजाब भूमि राजस्व अधिनियम, 1887 में महत्वपूर्ण संशोधनों को भी मंजूरी दी है। इन संशोधनों के तहत डिजिटल भूमि रिकॉर्ड और डिजिटल हस्ताक्षरों को कानूनी मान्यता दी जाएगी, जिससे कागजरहित, पारदर्शी और नागरिक-अनुकूल भूमि प्रबंधन प्रणाली को मजबूती मिलेगी। इसका उद्देश्य अनावश्यक मुकदमेबाजी को कम करना, समय की बचत करना और नागरिकों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने से राहत देना है। सरकार ने बताया कि भूमि से संबंधित सेवाओं को सरल बनाने के लिए पहले ही ई-सेवा पोर्टल https://eservices.punjab.gov.in शुरू किया जा चुका है। इसके माध्यम से नागरिक ऑनलाइन पारिवारिक बंटवारे, जमाबंदी की प्रतियां, भूमि सीमांकन और अन्य सेवाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिससे विवादों का समाधान और भूमि लेन-देन की प्रक्रिया आसान होगी। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत कार्यरत अनुबंधित विशेष शिक्षक शिक्षकों को अधिकतम आयु सीमा में एकमुश्त छूट देने को भी मंजूरी दी है, ताकि उनकी सेवाओं को स्कूल शिक्षा विभाग में नियमित किया जा सके। इस फैसले से विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा को मजबूती मिलेगी। सरकार ने स्पष्ट किया कि इस निर्णय से राज्य के खजाने पर कोई अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा।

## SGPC, अकाली दल और भाजपा पर सीएम मान का तीखा हमला

# अकाली दल मूल से भटका : सीएम भगवंत मान

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (SGPC), अकाली दल और भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 1920 में स्थापित अकाली दल कभी सिख समाज की मजबूत आवाज हुआ करता था, लेकिन आज पार्टी अपने मूल उद्देश्य और सिद्धांतों से भटक चुकी है। मुख्यमंत्री के अनुसार, सत्ता की राजनीति ने अकाली दल को सिख कौम के वास्तविक मुद्दों से दूर कर दिया है।

सीएम मान ने 328 पावन स्वरूपों के लापता होने के मामले पर सरकार के रुख को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह कार्रवाई विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं की शिकायतों के आधार पर की गई है। उन्होंने बताया कि शुरुआती दौर में खुद SGPC ने इस मामले में जांच और कानूनी कार्रवाई के प्रस्ताव पारित किए थे, लेकिन अब जब मामला आगे बढ़ा है तो इसे आंतरिक विषय बताकर सरकार के हस्तक्षेप पर सवाल उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि जिन लोगों के नाम एफआईआर में दर्ज हैं, उनके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा पर निशाना साधते हुए सीएम मान ने कहा कि पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चारों साहिबजादों के कार्टून साझा किए गए, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने सवाल किया कि आखिर कुछ दलों को हर गलती की छूट क्यों दी जाती है। मुख्यमंत्री ने इसे राजनीतिक दोहरे मापदंडों का उदाहरण बताया। मनरेगा को लेकर सीएम मान ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा शुरू की गई यह योजना गरीबों और मजदूरों के लिए रोजगार की गारंटी थी, लेकिन मौजूदा सरकार ने इसे कमजोर कर दिया है। बीते 11 वर्षों में मनरेगा को मजबूत करने के बजाय इसे धीरे-धीरे खत्म करने की कोशिश की गई। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि कांग्रेस 5 जनवरी से मनरेगा को बचाने के लिए देशव्यापी आंदोलन शुरू करेगी। धार्मिक गीतों को लेकर उठे विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम मान ने कहा कि पंजाब की सांस्कृतिक परंपरा में कलाकार कार्यक्रम की शुरुआत धार्मिक गीतों से करते आए हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर सहजधारी कलाकार धार्मिक गीत नहीं गा सकते, तो उनसे गुरुद्वारों में दान क्यों लिया जाता है।

अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि SGPC और अकाल तख्त को राजनीतिक दबाव से ऊपर उठकर सिख समाज और पंजाब के हित में फैसले लेने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अकाली दल ने सत्ता में रहते हुए भी पंजाब और सिख समाज के मुद्दों को मजबूती से नहीं उठाया, जिसका खामियाजा आज जनता को भुगतना पड़ रहा है।

# जालंधर में युवक की चाकू मारकर हत्या

## युवक की उसके दोस्तों ने ही तेजधार चाकू से की हत्या

**राजू गुप्ता | जालंधर**
**समर न्यूज़**



पंजाब के जालंधर से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। रामामंडी इलाके की गुरु रविदास कॉलोनी में बाजीगर सेल के प्रधान चन्ना सिद्धू के 20 वर्षीय बेटे हरप्रीत उर्फ आशु की उसके ही दो दोस्तों ने कथित तौर पर निर्मम हत्या कर दी। आशु की हत्या तेजधार चाकू से की गई, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरप्रीत उर्फ आशु अपने दोस्त तरन सिंह निवासी परागपुर और एक अन्य अज्ञात युवक के साथ उसी के घर में रुका हुआ था। बताया जा रहा है कि रात के समय किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद आरोपियों ने आशु पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल आशु की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जब चन्ना सिद्धू घर पहुंचे तो उन्होंने अपने बेटे का शव कमरे में खून से लथपथ पड़ा देखा। यह दृश्य देखकर परिवार में कोहराम मच गया। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही रामामंडी थाना पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से सबूत जुटाने शुरू कर दिए हैं और आरोपी दोस्तों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे आपसी रंजिश या किसी विवाद की आशंका जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पत्नी की हत्या का खुलासा: शक के चलते पति निकला कातिल

**जसकरन मीत | बठिंडा**
**समर न्यूज़**



बठिंडा की ठंडी सड़क पर महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए मृतका के पति को ही हत्या का आरोपी बताते हुए गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान रितिका के रूप में हुई थी, जिसका खून से सना शव कल ठंडी सड़क इलाके से बरामद किया गया था। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस ने तेजी से जांच करते हुए महिला के पति साहिल को गिरफ्तार कर लिया है।

बठिंडा पुलिस के एसएसपी अमनीत कोंडल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि आरोपी साहिल को अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था और उसे यह विश्वास हो गया था कि उसकी पत्नी के उसके ही दोस्त के साथ अवैध संबंध हैं। इसी शक और गुस्से के चलते साहिल ने पहले से ही हत्या की योजना बना ली थी।

एसएसपी के अनुसार आरोपी ने रितिका को बाजार से किसी बहाने एक सुनसान जगह पर बुलाया। वहां दोनों के बीच पहले तीखी बहस हुई, जिसके बाद साहिल ने चाकू से रितिका की गर्दन पर वार किया। जब रितिका खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ी, तब भी आरोपी ने उस पर कई बार चाकू से हमला किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी अपने साथ दो चाकू लेकर आया था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि हत्या पूरी तरह पूर्व नियोजित थी। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि हत्या के बाद आरोपी ने इंटरनेट पर यह सर्च किया था कि हत्या के बाद कैसे बचा जा सकता है और खुद को सुरक्षित कैसे रखा जाए।

## 2025-26 में 1.14 लाख महिलाओं को लाभ देने का लक्ष्य

# 26.06 करोड़ की सहायता: डॉ. बलजीत कौर

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**



महिलाओं के कल्याण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार जन-हितैषी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत पंजाब सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को 26.06 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। यह जानकारी सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने दी।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि सरकार द्वारा पहले बच्चे के जन्म पर लाभार्थी महिलाओं को 5,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह राशि दो किस्तों में प्रदान की जाती है, जिसमें पहली किस्त 3,000 रुपये और दूसरी किस्त 2,000 रुपये की होती है।

उन्होंने बताया कि दूसरे बच्चे के जन्म पर, यदि दूसरा बच्चा बेटी हो, तो सरकार द्वारा 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता एकमुश्त प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि यह पूरी राशि लाभार्थी महिलाओं के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से भेजी जाती है, जिससे पारदर्शिता और समय पर सहायता सुनिश्चित होती है।

कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि मौजूदा वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक 69,110 गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं को वित्तीय सहायता दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान इस योजना के अंतर्गत 1.14 लाख लाभार्थी महिलाओं को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि यह योजना केवल वित्तीय सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि माताओं के स्वास्थ्य, पोषण तथा नवजात शिशुओं की देखभाल को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार का प्रयास है कि कोई भी मां आर्थिक तंगी के कारण आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे और प्रत्येक बच्चे को जन्म से ही सुरक्षित एवं स्वस्थ शुरुआत मिले।

अंत में उन्होंने दोहराया कि मान सरकार महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# गांव बाहनी में दिनदहाड़े फायरिंग

## मामूली कहासुनी के बाद युवक ने किए हवाई फायर

**राजू गुप्ता | कपूरथला**
**समर न्यूज़**




जिला कपूरथला के फगवाड़ा क्षेत्र के गांव बाहनी में दिनदहाड़े गोली चलने की घटना से इलाके में दहशत फैल गई। बाइक सवार एक युवक ने मामूली कहासुनी के बाद हवाई फायर किया और मौके से फरार हो गया। यह पूरी वारदात घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर मौजूद अमरीक सिंह ने बताया कि वह गांव में बाहर खड़े थे, तभी एक युवक बाइक पर सवार होकर वहां पहुंचा और कुछ युवकों के साथ गाली-गलौज करने लगा। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और युवक ने अचानक पिस्तौल निकालकर हवा में गोली चला दी। गोली की आवाज सुनते ही आसपास के लोग सहम गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद आरोपी युवक बाइक से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। कपूरथला के थाना रावलपिंडी के सब इंस्पेक्टर मेजर सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता सुखविंदर सिंह के बयान के आधार पर आरोपी हरिंदर सिंह उर्फ लाडी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में एक राउंड फायर किए जाने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर आरोपी की पहचान कर ली है और उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# रोशन पंजाब से मजबूत होगा भविष्य का पावर ग्रिड

**शालू मिरॉक | चंडीगढ़**
**समर न्यूज़**



पंजाब के बिजली, उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन तथा एनआरआई मामलों के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि वर्ष 2025 के दौरान पंजाब सरकार ने बिजली क्षेत्र में बड़े स्तर पर सुधार करते हुए उपभोक्ता-अनुकूल सेवाओं, निर्बाध बिजली आपूर्ति और आधुनिक पावर इंफ्रास्ट्रक्चर की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में बिजली कनेक्शन की प्रक्रिया को सरल किया गया है और अब पीएसपीसीएल द्वारा बिना एनओसी के कनेक्शन जारी किए जा रहे हैं, बशर्ते आवेदक आवश्यक अंडरटेकिंग प्रस्तुत करे। आवेदन प्रक्रिया को आसान बनाया गया है और रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस को बढ़ावा देने के लिए कृषि उपभोक्ताओं को छोड़कर अन्य सभी श्रेणियों के लिए टेस्ट रिपोर्ट जमा करने और सत्यापन की शर्त समाप्त कर दी गई है। एलटी श्रेणी में 50 किलोवाट तक लोड के लिए नए कनेक्शन या लोड में बदलाव के लिए अब किसी लाइसेंस प्राप्त ठेकेदार की रिपोर्ट की आवश्यकता नहीं होगी। मंत्री ने बताया कि राज्यभर में लटकते तारों को ठीक करने, सड़कों पर खंभों की संख्या कम करने और सुरक्षा व सौंदर्यीकरण के लिए विशेष परियोजना चलाई जा रही है, जिसका पायलट प्रोजेक्ट सफल रहा है और शेष सब-डिवीजनों के लिए टेंडर जारी किए जा चुके हैं।

संजीव अरोड़ा ने दोहराया कि पंजाब सरकार सभी घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली दे रही है, जिससे लगभग 90 प्रतिशत परिवारों को शून्य बिजली बिल मिल रहा है। कृषि क्षेत्र को धान सीजन के दौरान प्रतिदिन 8 घंटे से अधिक निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई गई, जबकि औद्योगिक और घरेलू उपभोक्ताओं पर कोई कटौती नहीं की गई।

उन्होंने 'रोशन पंजाब' पहल की जानकारी देते हुए कहा कि 5,000 करोड़ की इस योजना के तहत 70 नए सब-स्टेशन बनाए जाएंगे, 200 सब-स्टेशनों का उन्नयन, 25,000 किलोमीटर से अधिक लाइनों का विस्तार, नए फीडर और ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे। उद्योगों के लिए अतिरिक्त कॉन्ट्रैक्ट डिमांड की प्रक्रिया भी सरल की गई है।

मंत्री ने बताया कि 5 जुलाई 2025 को राज्य ने रिकॉर्ड 16,670 मेगावाट की बिजली मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया। वर्ष 2022 से अब तक पीएसपीसीएल और पीएसटीसीएल में 8,984 भर्तियां की गई हैं। इसके अलावा गुरु अमरदास थर्मल पावर प्लांट और ट्रांसमिशन क्षमता में सुधार से पंजाब की बिजली व्यवस्था और अधिक मजबूत हुई है।

**मॉनिटरिंग** मुख्यमंत्री द्वारा कार्यों की निरंतर की जा रही मॉनिटरिंग: एडवाइजरी मैनेजिंग कमेटी

# श्री काली देवी मंदिर के प्रोजेक्टों का काम तेजी से जारी

**कमलप्रीत दुआ | पटियाला**
**समर न्यूज़**



पटियाला के ऐतिहासिक माता श्री काली देवी मंदिर के नवीनीकरण को लेकर चल रहे प्रोजेक्टों पर तेजी से काम किया जा रहा है। यह जानकारी मंदिर एडवाइजरी मैनेजिंग कमेटी के सदस्य सी.ए. अजय अलीपुरिया और संजय सिंगला ने मीडिया से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि इन सभी कार्यों की लगातार निगरानी मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान स्वयं कर रहे हैं, ताकि तय समयसीमा में प्रोजेक्ट पूरे किए जा सकें। इस अवसर पर एडीसी (ग्रामीण विकास) दमनजीत सिंह मान और एसडीएम हरजोत कौर मावी भी मौजूद रहे।

सी.ए. अजय अलीपुरिया और संजय सिंगला ने बताया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा माता श्री काली देवी मंदिर के नवीनीकरण के लिए लगभग 75 करोड़ रुपये के प्रोजेक्टों की शुरुआत की गई थी। इन प्रोजेक्टों का उद्देश्य मंदिर को आधुनिक सुविधाओं से युक्त करते हुए उसकी ऐतिहासिक और धार्मिक गरिमा को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि ये सभी कार्य आगामी एक वर्ष के भीतर पूरे कर लिए जाएंगे, जिसके बाद श्रद्धालुओं को एक भव्य और सुव्यवस्थित मंदिर परिसर के दर्शन होंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने लुधियाना के जाने-माने उद्योगपति महेश मित्तल को मंदिर एडवाइजरी प्रबंध समिति का चेयरमैन नियुक्त किया है। समिति केवल मंदिर विकास ही नहीं, बल्कि शिक्षा से जुड़े सामाजिक कार्यों पर भी ध्यान देगी। मंदिर के नवीनीकरण प्रोजेक्टों के तहत सरोवर में स्वच्छ नहरी जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, वहीं मौजूदा सीवरेज और ड्रेनेज सिस्टम को भी आधुनिक रूप दिया जा रहा है। मंदिर परिसर में शुरू किया गया आम आदमी क्लिनिक श्रद्धालुओं और आसपास के निवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरोवर के चारों ओर नया मार्ग बनाया जा रहा है, जिसकी आरसीसी नींव का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा मंदिर परिसर में छह नए बिल्डिंग ब्लॉक बनाए जा रहे हैं। इनमें सुरक्षा कक्ष, पूछताछ कक्ष, मुख्य प्रवेश पवेलियन, लंगर हॉल, एम्फीथिएटर, लिफ्टें, प्रसाद भवन, कैफे, मीटिंग हॉल, लॉस्ट एंड फाउंड कक्ष, स्टाफ डॉर्मिटरी और प्रशासनिक कार्यालय शामिल हैं। कमेटी ने बताया कि मंदिर के सभी प्रवेश द्वारों को पारंपरिक वास्तुकला के अनुरूप पुनः डिजाइन किया जा रहा है। साथ ही मंदिर की आध्यात्मिकता और भव्यता बढ़ाने के लिए सरोवर के पास लाइट एंड साउंड शो और माता वैष्णो देवी मंदिर की तर्ज पर टोकन प्रणाली लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार इस ऐतिहासिक आध्यात्मिक केंद्र को राज्य की सांस्कृतिक धरोहर का उत्कृष्ट उदाहरण बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

सा SUMMER न्यूज़

# समर प्राइम 3

www.summerexpress.in

30 दिसंबर 2025

समर एक्सप्रेस

## समर ईयर एंडर 2025

# 2025: वैश्विक चरम मौसम घटनाओं का संकटपूर्ण साल जब पूरी दुनिया आपदाओं की चपेट में आ गई

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

2025 को भूकंप, गंभीर बाढ़, चक्रवात और जानलेवा हीटवेव का साल माना गया है, जिसमें दुनिया के किसी भी क्षेत्र को राहत नहीं मिली। एशिया, अफ्रीका, अमेरिका और यूरोप सहित लगभग हर क्षेत्र में चरम मौसम के कारण मानव जीवन, संपत्ति और बुनियादी ढांचे पर गंभीर प्रभाव पड़ा। कई शहरों और गांवों में बाढ़ और तूफानों ने घर, सड़कें और पुल नष्ट कर दिए, जबकि हीटवेव और सूखे के कारण फसलें खराब हुईं, जिससे खाद्य सुरक्षा पर संकट उत्पन्न हुआ। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने चेतावनी दी कि ऐसे चरम मौसम की घटनाएं जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय असंतुलन के कारण लगातार बढ़ रही हैं। बुनियादी ढांचे और कृषि क्षेत्र को हुए नुकसान के चलते आर्थिक लागत बहुत अधिक रही। बीमा कंपनियों और राष्ट्रीय सरकारों को भारी पुनर्निर्माण और मुआवजा भुगतान करना पड़ा, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी दबाव पड़ा।

विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक समुदाय को आपातकालीन तैयारियों, जलवायु अनुकूल नीति और सहकारी उपायों पर तुरंत ध्यान देना होगा। अन्यथा, आने वाले वर्षों में चरम मौसम से होने वाले मानव, आर्थिक और सामाजिक नुकसान और बढ़ सकते हैं। 2025 ने स्पष्ट कर दिया कि कोई भी क्षेत्र प्राकृतिक आपदाओं से अछूता नहीं है।



## इजराइल-हमास संघर्ष: गाजा में तबाही और मानवीय आपदा

नई दिल्ली| इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष अब लगभग दो सालों से लंबा चल रहा है, जिसमें गाज़ा पट्टी बेहद विनाश के कगार पर है। अक्टूबर 2023 में हमास के हमले के बाद शुरू हुई लड़ाई में लाखों लोग विस्थापित, सैकड़ों शहर ढहे, और हजारों आम नागरिक मारे गए हैं। गाजा में भारी मानवीय संकट गहरा गया है। बुनियादी सुविधाएं, अस्पताल और जल/खाद्य प्रणालियाँ बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। भारी सर्दियों की बारिश और बाढ़ ने शरणार्थी शिविरों की मुश्किलों को बढ़ा दिया है, जिससे कई मौतें भी हुई हैं।

हालांकि कुछ युद्धविराम प्रयास हुए, मानवता रक्षक सहायता पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पा रही है, जिससे लोगों को भोजन, स्वच्छ पानी और दवाइयों की गंभीर कमी का सामना करना पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय सहायता समूह लगातार मदद की अपील कर रहे हैं। विश्व स्तर पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी तेज हुई हैं। कई देशों और संगठनों ने मानवीय त्रासदी पर चिंता जताई है, तथा संघर्ष विराम और मानवीय सहायता का दबाव बढ़ाया है। इस युद्ध का मानवीय प्रभाव करोड़ों लोगों की जिंदगियों पर पड़ा है, और गाज़ा की बुनियादी जीवन रेखाओं को पुनर्स्थापित करना अब भी सबसे बड़ी चुनौती है।




## रूस-यूक्रेन युद्ध 2025: मोर्चों पर संघर्ष, वैश्विक संकट गहरा

नई दिल्ली| रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध 2025 में भी जारी रहा, जिसमें दोनों पक्षों ने नए मोर्चों पर संघर्ष तेज किया। रूस ने कुछ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सैनिक और भौगोलिक लाभ हासिल किए, जबकि यूक्रेन के शहरों और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ। लगातार हमलों और पश्चिमी देशों की मदद में कमी ने यूक्रेन की स्थिति को और चुनौतीपूर्ण बना दिया है।

युद्ध का वैश्विक असर भी गंभीर रूप से महसूस किया गया। ऊर्जा सुरक्षा पर दबाव बढ़ा, और गेहूं सहित अन्य अनाज के निर्यात में रुकावटें अंतरराष्ट्रीय बाजार में संकट पैदा कर रही हैं। यूरोप और एशिया के कई देशों में ऊर्जा कीमतें बढ़ी हैं और खाद्य सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है।

विशेषज्ञों का कहना है कि नाटो और रूस के बीच बढ़ते टकराव से वैश्विक तनाव और बढ़ सकता है। संघर्ष का केवल स्थानीय असर नहीं है, बल्कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था, खाद्य आपूर्ति और ऊर्जा सुरक्षा पर भी असर डाल रहा है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने युद्ध विराम और कूटनीतिक समाधान की बार-बार अपील की है, लेकिन जमीन पर हालात अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। इससे साफ है कि रूस–यूक्रेन युद्ध 2025 में न केवल क्षेत्रीय, बल्कि वैश्विक चुनौतियों का भी कारण बना हुआ है।



## ईरान-इजराइल युद्ध: तनाव और तेल संकट



नई दिल्ली| ईरान और इजरायल के बीच छाया युद्ध ने नई गंभीरता पकड़ ली है। दोनों देशों ने गोपनीय और खुले हमलों की रणनीति अपनाई, जिसमें ऊर्जा और परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाने की घटनाएं शामिल हैं। तेल और गैस की आपूर्ति पर अनिश्चितता के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया, जिससे न केवल क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था बल्कि वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा पर भी दबाव बढ़ा है।

## काबो डेलगाडो विद्रोह, जिहादवादी हिंसा जारी



नई दिल्ली| 2025 में मोज़ाम्बिक के काबो डेलगाडो प्रांत में विद्रोह और जिहादवादी हिंसा उच्च स्तर पर बनी रही। मिलिशियाओं और आतंकवादी समूहों के हमलों के कारण नागरिकों पर भयानक हमला और व्यापक विस्थापन हुआ। हजारों लोग अपने घरों से बेघर हुए और स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी जीवन सुविधाओं तक उनकी पहुंच बाधित हुई। स्थानीय समुदायों में डर और असुरक्षा का माहौल बढ़ गया है, जिससे मानवीय संकट गहरा गया है।

## 2025: वैश्विक युद्ध और बढ़ता मानवीय संकट

# अंतरराष्ट्रीय समुदाय युद्ध विराम और कूटनीतिक समाधान पर जोर दे रहा

2025 में कई देश सक्रिय सैन्य संघर्षों में शामिल रहे, जिनमें राज्य-स्तरीय युद्ध और नागरिक युद्ध दोनों शामिल थे। इस साल वैश्विक स्तर पर नागरिक हताहत और विस्थापन के आंकड़े अभूतपूर्व स्तर तक पहुंच गए। लाखों लोग अपने घरों से विस्थापित हुए और कई क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच बाधित रही। युद्ध ने स्थानीय अर्थव्यवस्था, कृषि उत्पादन और सामाजिक ढांचे पर गंभीर प्रभाव डाला, जिससे मानवीय संकट गहरा गया। विशेषज्ञों ने वैश्विक युद्ध की प्रवृत्ति में तीन प्रमुख क्लस्टर पहचाने हैं पश्चिम एशिया, अफ्रीका और पूर्वी यूरोप। इन क्षेत्रों में संघर्ष के कारण शरणार्थी संकट और सीमा विवाद बढ़े हैं। साथ ही, हथियारों की तस्करी, आतंकवादी गतिविधियाँ और अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने संघर्ष विराम और कूटनीतिक समाधान की बार-बार अपील की है, लेकिन जमीन पर हालात अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। विश्लेषकों का कहना है कि यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो न केवल प्रभावित क्षेत्र बल्कि पूरी दुनिया में मानवता, सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता पर गंभीर दबाव बनेगा।



## इथियोपिया में विस्थापन और बुनियादी सुविधाओं का संकट



नई दिल्ली| 2025 में इथियोपिया में आंतरिक संघर्ष और जातीय हिंसा ने मानवीय संकट को और गहरा दिया है। राजनीतिक अस्थिरता, स्थानीय मिलिशियाओं के बीच टकराव और केंद्र और राज्य सरकारों के बीच विवादों ने नागरिकों की जिंदगी पर गंभीर असर डाला है। लाखों लोग विस्थापित हुए हैं, स्वास्थ्य सेवाएं और बुनियादी सुविधाएं बाधित हुई हैं, और भोजन और स्वच्छ पानी की किल्लत बढ़ गई है। अंतरराष्ट्रीय राहत एजेंसियों ने बार-बार सहायता पहुंचाने की अपील की है, लेकिन सुरक्षा कारणों से मदद पहुंचाना मुश्किल हो रहा है।

साथ ही, रेड सी के तटीय क्षेत्रों और जलमार्गों को लेकर पड़ोसी देशों के साथ तनाव भी बढ़ गया है। इथियोपिया और अन्य देशों के बीच समुद्री प्रवेश और व्यापार मार्गों को लेकर टकराव का खतरा दिख रहा है। यह क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक समुद्री व्यापार पर भी असर डाल सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि संघर्ष और अस्थिरता बनी रहती है, तो न केवल इथियोपिया बल्कि पूरे हॉर्न ऑफ अफ्रीका क्षेत्र में आर्थिक और सुरक्षा संकट गहरा सकता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इथियोपिया में संवाद और कूटनीतिक समाधान की जरूरत पर जोर दिया है। समय रहते कार्रवाई न होने पर मानवतावादी स्थिति और जटिल होती जा रही है, और लाखों नागरिक इसकी जद में हैं।

# बच्चों की वेश-भूषा पर विवाद, हिंदू संगठनों का प्रदर्शन

अंकुर | अम्बाला
समर न्यूज

हरियाणा के अंबाला में एक निजी स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को लेकर सोमवार को विवाद खड़ा हो गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा एक सांस्कृतिक प्रस्तुति में पहनी गई वेशभूषा और गाने को लेकर हिंदू संगठनों ने कड़ा ऐतराज जताया। विरोध बढ़ने पर स्कूल के बाहर प्रदर्शन हुआ, जिसके चलते कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण बन गया। हालात को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

जानकारी के अनुसार, अंबाला स्थित भारतीय पब्लिक स्कूल में तीन दिन पहले वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में बच्चों ने एक संक्षिप्त एक्ट के दौरान बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के एक गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति में कुछ बच्चे मुस्लिम वेशभूषा में नजर आए और गाना ईद से जुड़ा हुआ था। कार्यक्रम के दौरान यह प्रस्तुति सामान्य रूप से संपन्न हो गई, लेकिन बाद में इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।



गाने को लेकर हिंदू संगठनों ने कड़ा ऐतराज जताया। - समर न्यूज

वीडियो सामने आने के बाद हिंदू संगठनों में नाराजगी फैल गई। सोमवार को सनातन टास्क फोर्स सहित कई संगठनों के कार्यकर्ता स्कूल के बाहर एकत्र हो गए और स्कूल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि हिंदू बच्चों को मुस्लिम वेशभूषा में प्रस्तुत कराना धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम है। प्रदर्शन के दौरान जय श्रीराम, जय बजरंगबली और भारत माता की जय जैसे नारे लगाए गए। विरोध को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्कूल के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। इसके बाद हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों और स्कूल प्रबंधन के बीच वार्ता शुरू हुई, जो काफी देर तक चली। सनातन टास्क फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी राम शर्मा ने कहा कि स्कूलों में बच्चों की सांस्कृतिक गतिविधियों के नाम पर किसी भी धर्म से जुड़ी भावनाओं के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को लेकर स्कूल प्रशासन अधिक संवेदनशीलता बरते।

वहीं, बातचीत के बाद स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा कि पूरे मामले में आपसी सहमति बन गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्कूल का उद्देश्य किसी भी धर्म या समुदाय की भावनाओं को आहत करना नहीं था। प्रिंसिपल ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में इस तरह के कार्यक्रमों की योजना बनाते समय सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान रखा जाएगा।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच समझौते के बाद स्थिति पूरी तरह सामान्य है। फिलहाल किसी तरह की कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। हालांकि, प्रशासन ने सभी से शांति बनाए रखने और सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ सामग्री साझा न करने की अपील की है।

## पीजीआई की रिपोर्ट में 16 से 40 वर्षीय अधिक ले रहे हैं नशे का डोज

समर न्यूज | रोहतक

प्रदेश में नशे का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। रोहतक स्थित PGIMS के राज्य मादक पदार्थ निर्भरता उपचार केंद्र के आंकड़ों के मुताबिक, फिलहाल प्रदेशभर से 3340 युवा नशा छोड़ने के लिए रजिस्टर्ड हैं, जिनमें से 1800 युवा नियमित उपचार ले रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार, सबसे अधिक प्रभावित आयु वर्ग 16 से 40 वर्ष के युवा हैं। युवा अक्सर साथियों के दबाव (42%), जिज्ञासा और फिल्मों में नशे के दृश्य देखकर नशा करना शुरू करते हैं, जो धीरे-धीरे आदत और फिर लत में बदल जाता है। पहले स्मैक और हेरोइन का सेवन फायल पेपर या अन्य पारंपरिक तरीकों से होता था, लेकिन अब युवा तेजी से असर पाने के लिए इंजेक्शन का इस्तेमाल कर रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, कई बार एक ही इंजेक्शन साझा किया जाता है।

## झूठे पॉक्सो केसों में वकील दंपती गिरफ्तार, साजिश का खुलासा

अनुज पंचल | गुरुग्राम
समर न्यूज

डेढ़ साल पहले साजिश के तहत पॉक्सो का झूठा मामला दर्ज कराने के एक प्रकरण में पुलिस ने महिला वकील और उसके पति को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी इससे पहले भी पॉक्सो के एक अन्य फर्जी मामले में जेल में बंद थे, जिसमें उनकी संलिप्तता सामने आ चुकी है।

आरोपियों की पहचान सेक्टर-72 निवासी अधिवक्ता गीतिका चावला और उसके पति हर्ष कुमार के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, पिछले वर्ष मई में एक महिला ने अपने पति पर बेटी के साथ गलत व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। जांच के दौरान यह आरोप पूरी तरह से निराधार पाए गए, जिसके बाद इस वर्ष अप्रैल में केस को रद्द कर दिया गया। बाद में अदालत के आदेश पर 11 दिसंबर 2025 को मामले को दोबारा खोला गया। जांच में सामने आया कि यह मामला साजिश के तहत दर्ज कराया गया था। इसके बाद 24 दिसंबर को साजिश समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। जांच में स्पष्ट हुआ कि झूठा केस दर्ज कराने में इसी दंपती की अहम भूमिका थी।




पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी पहले से ही सेक्टर-65 थाना क्षेत्र में दर्ज एक अन्य फर्जी पॉक्सो मामले में जेल में बंद थे। उस मामले में महिला वकील ने एक गुब्बारे बेचने वाले से मिलीभगत कर उसके बेटे के माध्यम से एक व्यक्ति पर झूठा पॉक्सो केस दर्ज कराया था। इस साजिश के तहत आरोपियों ने पीड़ित से करीब 44 लाख रुपये भी वसूले थे।

गुरुग्राम पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की और औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच जारी है।

# *कमाल*: भाजपा की गुटबाजी, एक लाइब्रेरी का दो बार उद्घाटन

अनिल | फरीदाबाद
समर न्यूज

फरीदाबाद में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों के बीच गुटबाजी अब खुलकर सामने आ गई है। सेक्टर-12 स्थित टाउन पार्क में अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में बनी लाइब्रेरी का एक ही दिन में दो बार उद्घाटन किया गया, जिससे शहर की राजनीति में हलचल मच गई है।

पहले उद्घाटन में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री व राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर के साथ हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और खाद्य मंत्री राजेश नागर ने रिबन काटकर लाइब्रेरी का शुभारंभ किया। यह उद्घाटन करीब दोपहर साढ़े 12 बजे किया गया।

हालांकि, लगभग ढाई घंटे बाद केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर अपने समर्थक विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उनके पहुंचने से पहले दोबारा रिबन लगाया गया और साफ-सफाई करवाई गई। इसके बाद कृष्णपाल गुर्जर ने उसी लाइब्रेरी का फिर से रिबन काटकर उद्घाटन किया और अपने नाम वाले बोर्ड के सामने विधायकों के साथ फोटो भी खिंचवाई।



लाइब्रेरी का उद्घाटन करते नेता। - समर न्यूज

बताया जा रहा है कि लाइब्रेरी के उद्घाटन के लिए लगाए गए शिलापट्ट पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर का नाम दर्ज था, जबकि नीचे सांसद सुरेन्द्र नागर, मंत्री विपुल गोयल, राजेश नागर और राव नरबीर सिंह के नाम शामिल थे। इससे पहले विपुल गोयल और सुरेन्द्र नागर ने बोर्ड से कपड़ा हटाकर फोटो खिंचवाई और उद्घाटन कर दिया, जिसे लेकर विवाद और गहरा गया।

इस पूरे घटनाक्रम ने भाजपा के अंदरूनी संगठन और प्रोटोकॉल पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर में यह चर्चा जोरों पर है कि नेता एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में हैं, जिसका असर सार्वजनिक कार्यक्रमों पर साफ दिखने लगा है।

विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि उनके संज्ञान में किसी तरह का दोबारा उद्घाटन नहीं है। उनके मुताबिक, उद्घाटन हो चुका है और प्रोटोकॉल के अनुसार सभी नेताओं के नाम बोर्ड पर थे। वहीं केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि वह विभाग की ओर से मिली आधिकारिक सूचना के आधार पर तय समय पर पहुंचे थे और शिलापट्ट पर भी उनका नाम दर्ज था। अब पहले क्या हुआ, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है।

एक ही परियोजना के दो बार उद्घाटन से भाजपा की अंदरूनी खींचतान खुलकर सामने आ गई है, जो आने वाले समय में पार्टी के लिए असहज स्थिति पैदा कर सकती है।

## फोरेंसिक टीम ने जांच शुरू की, पति कोल्ड ड्रिंक फैक्ट्री में काम करता था

# पत्नी की हत्या के बाद पति ने की आत्महत्या

समर न्यूज | हिसार

हिसार जिले के हांसी क्षेत्र के गांव भाटला में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक दंपती के शव उनके घर में मिले। शुरुआती पुलिस जांच में सामने आया है कि पति ने पहले अपनी पत्नी की हत्या की और इसके बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

मृतकों की पहचान गांव भाटला निवासी 30 वर्षीय राकेश और उसकी 27 वर्षीय पत्नी सीमा के रूप में हुई है। दोनों की शादी करीब छह साल पहले हुई थी और उनके दो बेटियां हैं-एक की उम्र चार साल और दूसरी की उम्र करीब ढाई साल बताई जा रही है। राकेश हांसी स्थित एक कोल्ड ड्रिंक फैक्ट्री में काम करता था।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस टीम। - समर न्यूज

सोमवार सुबह करीब नौ बजे परिजनों ने कमरे में दोनों के शव देखे, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। तुरंत मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस की प्राथमिक जांच में यह संकेत मिले हैं कि राकेश ने पत्नी की हत्या करने के बाद खुद को फांसी के फंदे पर लटका लिया। सदर थाना प्रभारी सुमेर सिंह ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए हैं। दोनों शवों को नागरिक अस्पताल भेजा गया है, जहां पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## मनरेगा नाम बदलने पर कांग्रेस का हमला

समर न्यूज | चंडीगढ़

कांग्रेस शासनकाल में शुरू की गई मनरेगा योजना का नाम बदलकर 'वीबी-जी रामजी' किए जाने पर हरियाणा कांग्रेस ने कड़ा ऐतराज जताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार को 'गांधी' सरनेम से आपत्ति है, इसी वजह से योजना का नाम बदला गया।

उन्होंने इसे गरीबों के अधिकारों पर सीधा हमला करार दिया। कांग्रेस की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में लिए गए फैसलों के अनुरूप, हरियाणा में 5 जनवरी से राज्यव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। पार्टी ने सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से हटने से रोकें। राव नरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा और केंद्रीय चुनाव आयोग की मिलीभगत से योजनाबद्ध तरीके से वोटर लिस्ट से नाम हटाने की कोशिश की जा रही है।

# कुलाना गांव का यह बेटा बना अंडर-19 वर्ल्ड कप टीम का स्टार

समर न्यूज | झज्जर

झज्जर के कुलाना गांव के होनहार क्रिकेटर कनिष्क चौहान को अंडर-19 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। कनिष्क पहले ही आईपीएल 2026 के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) टीम में जगह बना चुके हैं। बीसीसीआइ ने अंडर-19 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यों की आधिकारिक सूची जारी की है, जिसमें कनिष्क का नाम भी शामिल है।

**गांव में खुशी का माहौल** : कनिष्क के चयन की खबर मिलने के बाद उनके गांव कुलाना और आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल है। युवा क्रिकेटर ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से न सिर्फ गांव बल्कि पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है।

अंडर-19 मुकाबले में कनिष्क ने पाकिस्तान के खिलाफ 46 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और तीन विकेट लिए। अपने बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर उन्हें मैन ऑफ द मैच का खिताब भी मिला।



**आईपीएल में शामिल** : आईपीएल 2026 नीलामी में RCB ने कनिष्क को उनके बेस प्राइस 30 लाख रुपये में खरीदकर टीम में शामिल किया। मध्यक्रम में मजबूत बल्लेबाजी, तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती और ऊर्जावान फील्डिंग कनिष्क की टीम के लिए बड़ी संपत्ति साबित होगी।

**प्रैक्टिस और शिक्षा** : कनिष्क चौहान, बीए सेकेंड ईयर के स्टूडेंट, शाह जी सतनाम बायज कॉलेज के डेरा स्टेडियम में सालों से अभ्यास कर रहे हैं।

## फरीदाबाद अस्पताल में हड़कंप

# जिंदा बच्ची को मृत घोषित करने का आरोप

अनिल | फरीदाबाद
समर न्यूज

फरीदाबाद के सिविल अस्पताल से एक बेहद चौंकाने वाला और संवेदनशील मामला सामने आया है। यहां एक मां ने डॉक्टरों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी 12 वर्षीय बेटी को जिंदा हालत में ही मृत घोषित कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार संजय कॉलोनी निवासी परिवार अपनी 12 साल की बेटी भूमिका को पेट दर्द की शिकायत पर इलाज के लिए सिविल अस्पताल लेकर पहुंचा था। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने जांच के करीब आधे घंटे बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया और उसके शव को मोर्चरी के फ्रीजर में रखवा दिया गया।

जैसे ही यह सूचना बच्ची की मां रीना देवी को मिली, वह तुरंत अस्पताल पहुंचीं।



बच्ची की मां रीना देवी। - समर न्यूज

आरोप है कि रीना देवी ने अपने देवर के साथ मोर्चरी में जाकर फ्रीजर से बच्ची का शव जबरन बाहर निकाला। इस दौरान डॉक्टरों और अस्पताल कर्मचारियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन परिजन बच्ची को बाइक पर बैठाकर मौके से फरार हो गए।

मां रीना देवी का दावा है कि जब उन्होंने बच्ची को फ्रीजर से बाहर निकाला, तो उसके मुंह से झाग निकल रहा था और नाक से खून बह रहा था। उन्होंने कहा कि उस समय बच्ची की सांसें चल रही थीं। इसके बाद परिजन बच्ची को पहले घर और फिर एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया, लेकिन करीब एक घंटे बाद वहां भी बच्ची को मृत घोषित कर दिया गया।

वहीं, सिविल अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों का कहना है कि बच्ची की मौत इलाज के दौरान ही हो गई थी और उसे मृत अवस्था में ही मोर्चरी भेजा गया था। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची।

पुलिस के अनुसार बच्ची के शव को दोबारा मोर्चरी में रखवाया गया है और पोस्टमार्टम के बाद पूरे मामले की जांच की जाएगी। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि बच्ची की मौत किन परिस्थितियों में हुई और क्या किसी स्तर पर लापरवाही बरती गई।

# गुरुग्राम में घना कोहरा, दृश्यता 50 मीटर से कम

अनुज पंचल | गुरुग्राम
समर न्यूज

सोमवार सुबह क्षेत्र में घने कोहरे की चादर छाए रहने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। कोहरे की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कई इलाकों में दृश्यता 50 मीटर से भी कम दर्ज की गई। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से ठंड का प्रकोप और बढ़ गया, जिससे आम लोगों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सुबह के समय दिल्ली-जयपुर हाईवे, सोहना रोड, द्वारका एक्सप्रेसवे और मानेसर की ओर जाने वाले मार्गों पर यातायात की रफ्तार काफी धीमी रही। घने कोहरे के चलते वाहन चालकों को हेडलाइट और फॉग लाइट जलाकर चलना पड़ा। कई स्थानों पर वाहन रेंगते नजर आए, जिसके कारण दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और स्कूल बसों को देरी हुई।



तापमान में गिरावट के चलते सुबह और देर शाम कड़ाके की ठंड महसूस की गई। खुले में काम करने वाले श्रमिकों, रेहड़ी-पटरी वालों और सुरक्षा कर्मियों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ठंड से बचाव के लिए लोगों ने अलाव जलाए और गर्म कपड़ों का उपयोग बढ़ गया।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में सुबह के समय घना कोहरा बने रहने की संभावना है। साथ ही तापमान में हल्की और गिरावट आ सकती है, जिससे ठंड का असर और तेज होने की आशंका जताई जा रही है।

संवाद

## 90 सीटों पर विकास रिपोर्ट तैयार करवाई

# हरियाणा में सीएम सैनी का रैली अभियान

समर न्यूज | नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अब विधानसभा स्तर पर 'विकसित रैलियों' के जरिए सीधे जनता से संवाद करेंगे। इस अभियान की शुरुआत रविवार को सोनीपत जिले की खरखौदा विधानसभा सीट से हो चुकी है। इन रैलियों के माध्यम से जहां विपक्ष की नाकामियों को जनता के सामने रखा जाएगा, वहीं राज्य सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सभी 90 विधानसभा सीटों में अब तक किए गए विकास कार्यों, चल रही परियोजनाओं और भविष्य की योजनाओं पर आधारित विस्तृत रिपोर्ट तैयार करवाई है। इन रिपोर्टों को विधानसभा स्तर पर जनता के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि लोग अपने क्षेत्र के विकास की वास्तविक स्थिति से अवगत हो सकें। भाजपा संगठन की ओर से प्रदेश की सभी 90 विधानसभा सीटों पर इन महारैलियों का आयोजन किया जाना है।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। - समर न्यूज

खरखौदा के बाद अगली विकसित रैली 30 दिसंबर को गुरुग्राम में प्रस्तावित है। रैली में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे, जबकि मुख्य वक्ता स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री कई जिलों में धन्यवाद रैलियां भी कर चुके हैं। विकसित रैलियों के संयोजक संबंधित विधानसभा के विधायक होंगे। मुख्यमंत्री रैली के मंच से जिले और विधानसभा में पूरी की गई विकास योजनाओं के साथ-साथ आने वाले समय में शुरू होने वाली नई परियोजनाओं की भी घोषणा करेंगे। इसके अलावा विधानसभा के भीतर और बाहर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों का भी मंच से खंडन किया जाएगा। रैलियों का मुख्य उद्देश्य जनता को यह स्पष्ट करना होगा कि विपक्षी नेता बिना तथ्यों और तैयारी के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश संगठन से जुड़े पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

# खाटू श्याम जा रहे युवकों की ट्रक से टक्कर, दो की मौत

समर न्यूज | रेवाड़ी

रेवाड़ी जिले के गांव कालाका के चार युवक खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए जा रहे थे, लेकिन उनका यह धार्मिक सफर दर्दनाक हादसे में बदल गया। दिल्ली–जयपुर हाईवे पर ओढ़ी गांव के पास रॉन्ग साइड से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी इको कार को टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब 30 वर्षीय पवन, 25 वर्षीय प्रवीण, विक्रम और उनका एक अन्य साथी रविवार रात इको कार से सीकर (राजस्थान) स्थित खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए निकले थे। ओढ़ी गांव के समीप अचानक सामने से आ रहे ट्रक से उनकी कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई।




हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही बावल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को रेवाड़ी के अस्पताल भिजवाया। वहां डॉक्टरों ने पवन और प्रवीण को मृत घोषित कर दिया, जबकि विक्रम की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जयपुर रेफर किया गया है। चौथे युवक का भी इलाज जारी है।

हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और ट्रक चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मनरेगा से हिंदू राष्ट्र तक, विज का विपक्ष पर हमला

अंकुर | अम्बाला
समर न्यूज

मनरेगा को लेकर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ट्वीट पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने तीखा पलटवार किया है। राहुल गांधी ने मनरेगा को खत्म करने का आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार पर गरीबों के रोजगार अधिकार छीनने और राज्यों की ताकत कमजोर करने का दावा किया था।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अनिल विज ने कहा कि राहुल गांधी के आरोप तथ्यों से परे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनरेगा योजना में कहीं भी रोजगार पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। विज ने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी को घूमने का ज्यादा समय मिलता है, इसलिए शायद पढ़ने का समय कम रह जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस की असली आपत्ति मनरेगा के नए नाम से जुड़ी है, क्योंकि उसमें भगवान राम का नाम शामिल है, जिससे वे असहज हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा को लेकर भी अनिल विज ने कड़ा बयान दिया।



अनिल विज। - समर न्यूज

फिरोजपुर में तीन हिंदू परिवारों के घर जलाए जाने की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि जब भी दुनिया में हिंदुओं पर संकट आता है, तो उनकी निगाहें भारत की ओर उठती हैं, क्योंकि भारत ही हिंदुओं का एकमात्र सुरक्षित देश है। विज ने देश के हिंदुओं से एकजुटता दिखाने की अपील करते हुए कहा कि बांग्लादेश के हिंदुओं को यह संदेश दिया जाना चाहिए कि भारत उनके साथ खड़ा है।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के हिंदू राष्ट्र संबंधी बयान का समर्थन करते हुए अनिल विज ने कहा कि भारत शुरू से ही हिंदू राष्ट्र रहा है और इसके लिए किसी प्रमाण-पत्र की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की सभ्यता हजारों साल पुरानी है और 1947 का विभाजन भी धर्म के आधार पर हुआ था, जिसमें मुसलमान पाकिस्तान गए और हिंदू भारत में रहे।

कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा हरियाणा की कानून-व्यवस्था को लेकर किए गए ट्वीट पर भी अनिल विज ने चुटकी ली। उन्होंने कहा कि अच्छा है कि सुरजेवाला अब शायरी में हाथ आजमा रहे हैं। विज ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हो रही कार्रवाई का जिक्र करते हुए बताया कि अब तक करीब 5,500 से ज्यादा असामाजिक तत्वों को जेल भेजा जा चुका है और अपराध पर लगाम लगाने का यह अभियान लगातार जारी है। एक ही मंच से मनरेगा, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा, हिंदू राष्ट्र और हरियाणा की कानून-व्यवस्था जैसे बड़े मुद्दों पर अनिल विज के बयानों से सियासी माहौल और गर्म हो गया है।

# डॉ. नरूला के टर्मिनेशन की समीक्षा को नई कमेटी हुई गठित, आश्वासन के बाद खत्म हुई डॉक्टरों की हड़ताल

## सरकार जनता और डॉक्टरों दोनों के हित में ले रही निर्णयः मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू

संजू | शिमला
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश में रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के आश्वासन के बाद समाप्त हो गई है। मुख्यमंत्री के भरोसे के बाद डॉक्टर वापस अपने-अपने कार्यस्थलों पर लौट आए हैं, जिससे प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं एक बार फिर सामान्य होने लगी हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने डॉक्टरों के काम पर लौटने का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार जनता और डॉक्टरों दोनों के हित में निर्णय ले रही है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि डॉ. राघव नरूला के टर्मिनेशन के मामले की समीक्षा के लिए एक नई कमेटी का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी डॉक्टर का करियर खराब नहीं करना चाहती। टर्मिनेशन का फैसला सरकार द्वारा नहीं, बल्कि अस्पताल की रिपोर्ट के आधार पर विभागीय स्तर पर लिया गया था। अब इस पूरे मामले की निष्पक्ष समीक्षा की जाएगी ताकि सच्चाई सामने आ सके।मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मामले में सिर्फ राजनीति कर रही है और खुद पार्टी के भीतर भी विरोधाभासी रुख देखने को मिला है। एक भाजपा विधायक डॉक्टर के समर्थन में नजर आया, जबकि दूसरा विधायक मरीज के पक्ष में खड़ा दिखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा इस समय कई गुटों में बंटी हुई है।



मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जानकारी देते हुए। - समर न्यूज़

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके रोज़ाना दिए जाने वाले बयानों पर टिप्पणी करने का कोई औचित्य नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टरों के वापस काम पर लौटने से आम जनता को बड़ी राहत मिली है और सरकार आगे भी जनहित में काम करती रहेगी।

### लोगों के घरों के आंगन तक पहुंचा तेंदुओं का जोड़ा

# बिलासपुर के भदरेट गांव में तेंदुओं का आतंक

सुभाष | बिलासपुर
समर न्यूज़

बिलासपुर जिला की उपतहसील भराड़ी के अंतर्गत मरहाणा पंचायत के भदरेट गांव में तेंदुओं की लगातार गतिविधियों से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। बीते कुछ दिनों से तेंदुओं का एक जोड़ा गांव के रिहायशी क्षेत्रों में खुलेआम घूमता देखा जा रहा है, जिससे लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बढ़ गई है। ताजा मामले में तेंदुओं का यह जोड़ा गांव के दो घरों की चारदीवारी लांघकर सीधे आंगन तक पहुंच गया। यह पूरी घटना घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि दोनों तेंदुए देर रात आंगन में दाखिल हुए और करीब आधे घंटे तक आसपास घूमते रहे। इस दौरान किसी प्रकार की हलचल न होने से एक बड़ी अनहोनी टल गई।मरहाणा पंचायत के पूर्व प्रधान पृथी चंद ने बताया कि जिन


तेंदुए की सीसीटीवी फुटेज। - समर न्यूज़

घरों में तेंदुए पहुंचे, वे देशराज और विपिन पाल के हैं। उन्होंने कहा कि यदि उस समय घर का कोई सदस्य बाहर निकल आता तो बड़ा हादसा हो सकता था। तेंदुओं की मौजूदगी से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुओं की सक्रियता के कारण शाम ढलते ही लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। बच्चे अकेले स्कूल जाने से डर रहे हैं और महिलाएं मवेशियों के लिए चारा लाने में भी संकोच कर रही हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए और तेंदुओं को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए।ग्रामीणों ने प्रशासन को चेताया है कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो किसी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। लोग लगातार डर के साये में जीने को मजबूर हैं और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किए जाने की मांग कर रहे हैं।

# नववर्ष मेले के लिए नयना देवी में व्यापक इंतजाम

सुभाष | बिलासपुर
समर न्यूज़

विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी मंदिर में आयोजित होने वाले नववर्ष मेले को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां अंतिम रूप दे दी हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य सेवाओं और स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, ताकि मेले के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले के सफल और व्यवस्थित आयोजन के लिए एसडीएम श्री नयना देवी जी को मेला अधिकारी तथा तहसीलदार श्री नयना देवी जी को सहायक मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और होमगार्ड जवानों की तैनाती की गई है।उन्होंने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र को 9 अलग-अलग सेक्टरों में विभाजित किया गया है। इनमें से 5 प्रमुख सेक्टरों में सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था प्रभावी रूप से संचालित हो सके। श्रद्धालुओं की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चौबीसों घंटे निगरानी रखी जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े किए जाएंगे। भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा, जिससे यातायात जाम की स्थिति से बचा जा सके।इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद और अन्य संबंधित विभागों को भी अलर्ट पर रखा गया है।

# सूखी ठंड ने बढ़ाई लोगों की परेशानी, अस्पताल में बढ़ रहे सर्दी-जुकाम के मरीज

अरविन्द | हमीरपुर
समर न्यूज़

हमीरपुर जिला में लंबे समय से बारिश न होने के कारण मौसम में नमी की भारी कमी देखी जा रही है। सूखी ठंड का सीधा असर अब लोगों की सेहत पर पड़ने लगा है। जिले में प्रतिदिन सर्दी, जुकाम, बुखार और खांसी के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। खासतौर पर बच्चे और बुजुर्ग इस मौसम से अधिक प्रभावित हो रहे हैं, क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कमजोर होती है। हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। ओपीडी में सुबह से ही मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। डॉक्टरों के अनुसार ठंडी और शुष्क हवाओं के कारण वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है। धूल और प्रदूषण के संपर्क में आने से सांस से जुड़ी समस्याएं भी



बढ़ रही हैं, जिससे लोगों को खांसी और गले में खराश की शिकायत हो रही है।मेडिकल कॉलेज के एसएम देशराज शर्मा ने बताया कि इस समय अस्पताल में आने वाले अधिकतर मरीज सर्दी-जुकाम और बुखार से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा के कामों के लिए लोगों को घर से बाहर निकलना पड़ता है, जिससे वे ठंडी हवा और धूल के संपर्क में आते हैं। इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। डॉक्टरों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। बाहर निकलते समय गर्म कपड़े पहनने, मास्क का उपयोग करने और ठंडी हवा से बचाव करने पर विशेष जोर दिया गया है।

### मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस का सत्याग्रह

# शिमला में मुख्यमंत्री सुक्खू की अगुवाई में शांतिपूर्ण धरना

संजू | शिमला
समर न्यूज़

केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदले जाने के फैसले के खिलाफ सोमवार को हिमाचल प्रदेश कांग्रेस ने जोरदार लेकिन शांतिपूर्ण विरोध दर्ज करवाया। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कांग्रेस नेताओं ने सत्याग्रह किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, मंत्री, विधायक और पार्टी पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

धरने को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा बदले की भावना और नाम बदलने की मानसिकता के साथ काम कर रही है। उन्होंने



मनरेगा का नाम बदले जाने के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता। - समर न्यूज़

आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश के इतिहास से छेड़छाड़ कर रही है और कांग्रेस शासनकाल में शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल नाम बदलना ही नहीं, बल्कि योजनाओं की मूल भावना और गारंटी को भी समाप्त किया जा रहा है, जो गरीबों और ग्रामीणों के हितों के खिलाफ है।मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलना भाजपा की संकीर्ण सोच को दर्शाता है। यह योजना सिर्फ रोजगार देने की योजना नहीं थी, बल्कि गरीबों को सम्मान और अधिकार देने का माध्यम थी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महात्मा गांधी की पहचान और विचारधारा को धीरे-धीरे समाप्त करने का प्रयास कर रही है, इसी वजह से मनरेगा से गांधी जी का नाम हटाया गया।

वहीं उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने केंद्र सरकार के फैसले को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा को 'गांधी' नाम से समस्या है, इसलिए इस ऐतिहासिक योजना का नाम बदला गया। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि कानून के तहत दिया गया अधिकार था, जिसने करोड़ों गरीबों को रोजगार और सुरक्षा दी। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों और मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह फैसला गरीब विरोधी सोच को उजागर करता है।

कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि पार्टी आगे भी लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से जनता के अधिकारों और महात्मा गांधी की विरासत की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी।

### प्रतिभाएं क्षेत्र और संसाधनों की मोहताज नहीं होतीः पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर

# दिल्ली कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए जयराम ठाकुर

समर न्यूज़ | देहरा/कांगड़ा

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने देहरा स्थित दिल्ली कॉन्वेंट स्कूल, सुनेहत के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शिरकत कर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को उल्लास और ऊर्जा से भर दिया। बच्चों के आत्मविश्वास, अनुशासन, प्रतिभा और मंचीय प्रस्तुति की सराहना करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि बच्चों में ही देश और प्रदेश का भविष्य निहित है।

उन्होंने कहा कि प्रतिभा किसी शहर या संसाधनों की मोहताज नहीं होती, ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपार क्षमताएं मौजूद हैं, जिन्हें सही दिशा और अवसर मिलना आवश्यक है।


पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर लोगों का अभिवादन करते हुए। - समर न्यूज़

अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन से जुड़ी प्रेरणादायी बातें साझा करते हुए मेहनत, अनुशासन, संस्कार और लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास से ही कठिनाइयों पर विजय पाई जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में जयराम ठाकुर ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके पश्चात नेता प्रतिपक्ष देहरा में आयोजित "अटल स्मृति वर्ष" कार्यक्रम में शामिल हुए और देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि अटल जी के विचार, राष्ट्र के प्रति समर्पण और सुशासन की सोच आज भी मार्गदर्शक हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और अटल टनल ने हिमाचल प्रदेश की तस्वीर और पहचान को बदल दिया। श्रद्धांजलि सभा के बाद जयराम ठाकुर ने देहरा विधानसभा क्षेत्र की संयुक्त मोर्चा परिचय बैठक को संबोधित किया। उन्होंने संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और जनसेवा के संकल्प पर जोर देते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रिकवरी तुरंत बंद करे सरकार, वरना कोर्ट का रुख करेंगे पंचायत चौकीदार



समर न्यूज़ | मंडी

मंडी जिला में पंचायत चौकीदारों ने दिहाड़ी से की जा रही रिकवरी को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंडी में आयोजित बैठक के दौरान चौकीदारों ने सरकार और विभागीय अधिकारियों के प्रति रोष व्यक्त किया।

गोहर उपमंडल के चौकीदार जय किशन ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद दिहाड़ी में दो बार 25-25 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी, जिसका भुगतान कुछ समय तक किया गया, लेकिन बाद में लिखित आदेश न होने का हवाला देकर रिकवरी शुरू कर दी गई। चौकीदारों ने इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा कि पहले भुगतान कर अब राशि वापस लेना गलत है। पंचायत चौकीदार प्रेम चंद वर्धन ने बताया कि पंचायती राज मंत्री ने रिकवरी न करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं, फिर भी अधिकारी आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं। चौकीदारों ने चेतावनी दी कि यदि रिकवरी तुरंत बंद नहीं की गई, तो वे न्यायालय का रुख करेंगे।

# अगले 25 वर्षों में विकसित भारत के सारथी हैं युवा साथीः अनुराग

समर न्यूज़ | हिमाचल प्रदेश

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत लक्ष्य को हासिल करने में युवाशक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहेगी। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा" आज हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है और हमने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प इस संकल्प की सिद्धि में युवाओं का योगदान आवश्यक है। व्यक्ति उम्र से नहीं, बल्कि अपने कर्मों से बड़ा बनता है। भारत का आज का युवा भाग्यशाली है क्योंकि आज की व्यवस्था उनके सपनों के साथ खड़ी है। पहले का माहौल निराशा से भरा था, लेकिन आज 'डिजिटल इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'खेलो इंडिया' जैसे मिशन हर टैलेंट को मंच दे रहे हैं। हम युवाओं को केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि नेतृत्व करने वाला बनाना चाहते हैं। मेरा युवाओं से निवेदन है कि शॉर्ट-टर्म लोकप्रियता के पीछे भागने के बजाय ठोस लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें। आज दुनिया की भारत से अपेक्षाएं बहुत बढ़ गई हैं और इन उम्मीदों को पूरा करने का जिम्मा अब नई पीढ़ी के कंधों पर है। आज का भारत अपनी पुरानी गुलामी की मानसिकता को पीछे छोड़कर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। मोदी जी ने का मानना है कि आज की Gen Z और Gen Alpha ही भारत को 'विकसित भारत' के लक्ष्य तक पहुंचाने वाली पीढ़ी है। देश को युवाओं की योग्यता, आत्मविश्वास और सोच पर पूरा भरोसा है। आने वाले 25 साल भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं और इस यात्रा के असली सारथी आज के युवा ही हैं।

**उपलब्धि** महज 21 वर्ष की उम्र में हासिल किया यह मुकाम

# श्रेजल बनी भारतीय वायुसेना की फ्लाइंग ऑफिसर

समर न्यूज़ | मंडी

हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी की बेटी श्रेजल गुलेरिया ने कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। बल्ह घाटी के छोटे से गांव पैड़ी की रहने वाली श्रेजल ने महज 21 वर्ष की आयु में भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि को और भी खास बनाता है उनका अखिल भारतीय स्तर पर 12वां रैंक हासिल करना।

श्रेजल की शैक्षणिक यात्रा भी प्रेरणादायक रही है। उन्होंने छठी से बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय, पंडोह से पूरी की। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से गणित (ऑनर्स) में बीएससी


श्रेजल गुलेरिया। - समर न्यूज़

की डिग्री प्राप्त की। वर्तमान में एमएससी की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने भारतीय वायुसेना की कठिन परीक्षा की तैयारी की और अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया।श्रेजल को देशसेवा की प्रेरणा अपने परिवार से विरासत में मिली है। उनके पिता होशियार सिंह भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर कार्यरत हैं, जिनसे उन्हें अनुशासन, साहस और देशभक्ति की सीख मिली। वहीं उनकी माता बनीता कुमारी हिमाचल पथ परिवहन निगम में जेओए के पद पर कार्यरत हैं, जिन्होंने बेटी को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित किया।

27 दिसंबर को श्रेजल वायुसेना अकादमी के लिए रवाना हो चुकी हैं, जहां वे एक वर्ष का कठोर सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद वे औपचारिक रूप से भारतीय वायुसेना में शामिल होकर देश की सीमाओं की रक्षा की जिम्मेदारी निभाएंगी।श्रेजल की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। गांव और आसपास के इलाकों में लोग उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। उनकी उपलब्धि आज की युवा पीढ़ी, विशेषकर बेटियों के लिए एक प्रेरणास्रोत बन गई है।

# भांग के औषधीय गुणः हिमाचल की बनेगी नई पहचान...किसानों की बढ़ेगी आमदनी

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल 'ग्रीन टू गोल्ड' की शुरुआत की है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत औद्योगिक और औषधीय गुणों से युक्त भांग की खेती को वैध और नियंत्रित रूप से अपनाकर राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह पहल हिमाचल को वैश्विक बायो-इकोनॉमी में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

अब तक कुल्लू, मंडी और चंबा जैसी घाटियों में जंगली रूप से उगने वाली भांग को नशे और अवैध कारोबार से जोड़कर देखा जाता रहा है, लेकिन वर्तमान राज्य सरकार ने इसके औषधीय और औद्योगिक महत्व को पहचानते हुए



इसे एक बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधन के रूप में स्वीकार किया है। भांग से पर्यावरण के अनुकूल कपड़े, कागज, पैकेजिंग सामग्री, कॉस्मेटिक उत्पाद, बायो-फ्यूल, ऊर्जा उत्पाद और बायो-प्लास्टिक जैसे अत्याधुनिक उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं। इससे हिमाचल प्रदेश ग्रीन और सस्टेनेबल उद्योगों का प्रमुख केंद्र बनकर उभर सकता है।इस नीति की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि औद्योगिक उपयोग के लिए उगाई जाने वाली भांग में टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (टीएचसी) की मात्रा 0.3 प्रतिशत से कम रखी जाएगी। वैज्ञानिक मानकों के अनुसार नशा रहित पौधों की खेती सुनिश्चित की जाएगी, जिससे दुरुपयोग की कोई संभावना न रहे। इसके साथ ही उच्च गुणवत्ता वाले फाइबर और बीजों का उत्पादन भी किया जाएगा, जिससे किसानों और उद्योग दोनों को लाभ होगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 24 जनवरी, 2025 को आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में भांग की नियंत्रित खेती के पायलट अध्ययन प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई थी। इस पहल का उद्देश्य भांग की नकारात्मक छवि को बदलकर इसे एक सशक्त आर्थिक संसाधन के रूप में स्थापित करना है। सरकारी आकलन के अनुसार, यह योजना पूरी तरह लागू होने पर राज्य को प्रतिवर्ष 500 से 2000 करोड़ रुपये तक का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हो सकता है।यह योजना किसानों के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। भांग एक जलवायु-अनुकूल फसल है, जिसे कपास जैसी फसलों की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत कम पानी की आवश्यकता होती है। साथ ही जंगली जानवरों से नुकसान का खतरा भी नगण्य है। इससे पहाड़ी क्षेत्रों के किसानों को एक सुरक्षित और लाभकारी विकल्प मिलेगा।

योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर और डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी को कम टीएचसी और अधिक उपज वाले बीज विकसित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में गठित समिति ने उत्तराखंड और मध्यप्रदेश में भांग की खेती का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है।

मुख्यमंत्री का स्पष्ट कहना है कि सरकार नशे को नहीं, बल्कि उद्योग और किसानों की समृद्धि को बढ़ावा दे रही है। इस पहल से न केवल हिमाचल की पहचान बदलेगी, बल्कि युवाओं के लिए स्टार्टअप, रोजगार और नवाचार के नए अवसर भी सृजित होंगे, जिससे राज्य को दीर्घकालिक आर्थिक मजबूती मिलेगी।

# फूल बेचने को लेकर हुआ विवाद, सेक्टर-26 नाइट क्लब के बाहर दो सगे भाइयों पर चाकू से हमला

## पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर तलाश शुरू की, दोनों घायल पीजीआई रेफर

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

सेक्टर-26 स्थित एक नाइट क्लब के बाहर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद हिंसक हो गया। फूल बेचने को लेकर हुए झगड़े में दो युवकों ने चाकू से हमला कर दो सगे भाइयों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें आरोपी युवकों द्वारा पीड़ितों पर बेरहमी से चाकू से वार करते हुए साफ देखा जा सकता है। वीडियो में दिख रहा है कि जान बचाने की कोशिश में दोनों युवक जमीन पर गिर जाते हैं, इसके बावजूद आरोपी लगातार उन पर चाकू से हमला करते रहे। पीड़ित मदद के लिए चीखते रहे, लेकिन मौके से गुजरने वाले किसी भी व्यक्ति ने हस्तक्षेप नहीं किया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए।



चाकू से हमला करते हुए आरोपी। - समर न्यूज़

घायलों की पहचान बापूधाम कॉलोनी निवासी राहुल और उसके भाई हनी के रूप में हुई है। दोनों को गंभीर हालत में सेक्टर-16 स्थित अस्पताल ले जाया गया, जहां राहुल की हालत नाजुक होने पर उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया। हनी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

पीड़ित हनी ने पुलिस को बताया कि वह और उसका भाई सेक्टर-26 में नाइट क्लब के बाहर फूल बेचते हैं। मलोया कॉलोनी निवासी इमरान भी वहां फूल बेचने आता था। शुक्रवार रात इमरान को वहां फूल न बेचने को कहा गया, जिस पर विवाद हो गया। आरोप है कि इमरान और उसके एक साथी ने पहले राहुल पर चाकू से हमला किया और बीच-बचाव करने पर हनी पर भी वार कर दिए।

हमले के बाद दोनों भाई खून से लथपथ होकर सड़क पर पड़े रहे और काफी देर तक तड़पते रहे। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

प्रारंभिक जांच में विवाद की वजह नाइट क्लब के बाहर फूल बेचने को लेकर सामने आई है।

### उपायुक्त ने की जिलावासियों से सावधानी बरतने की अपील

# शीतलहर से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

समर न्यूज़ | पंचकूला

उपायुक्त सतपाल शर्मा ने शीत लहर के चलते शीत-घात से बचाव को लेकर जिला प्रशासन ने सरकार के निर्देशानुसार सर्दी के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। उपायुक्त ने आम नागरिकों से शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील भी की है। उन्होंने कहा कि इन दिनों शीतलहर चल रही है। इसी के मद्देनजर हम सावधानी बरतकर शीत घात से बच सकते हैं। शीतलहर से बचाव के लिए इन बातों की पालना जरूर करें। उन्होंने कहा कि शीत-घात से बचने के लिए मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो, टीवी, समाचार पत्रों से मौसम संबंधित जानकारी लेते रहे। सर्दियों लिए पर्याप्त कपड़ों का स्टॉक करें। घर में ठंडी हवा के प्रवेश रोकने के लिए दरवाजों तथा खिड़कियों को ठीक से बंद रखें। फ्लू, नॉक बहना जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना आमतौर पर ठंड में लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती हैं। इसलिए स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों या डॉक्टर से परामर्श करें।

उपायुक्त ने कहा कि जितना हो सके घर के अंदर रहें और ठंडी हवा, बारिश, बर्फ के संपर्क में आने से बचे। गर्म कपड़े पहनें। तंग कपडे खून के बहाव को रोकते हैं, इनसे बचें। शरीर की गरमाहट बनाये रखने हेतु अपने सिर, गर्दन, हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से ढककर रखें। हाथों में दस्ताने रखें। सिर पर टोपी या मफलर पहने, स्वास्थ्य वर्धक भोजन लें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पर्याप्त रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। गर्म तरल पदार्थ नियमित रूप से पीएं, इससे ठंड से लडऩे के लिए शरीर की गर्मी बनी रहेगी। उन्होंने बुजुर्ग लोगों, नवजात शिशुओं तथा बच्चों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी और कहा कि ऐसे पडोसी जो अकेले रहते हैं, विशेषकर बुजुर्ग लोगों का हाल चाल पूछते रहें। जरूरत के अनुसार ही रूम हीटर का प्रयोग करें, लेकिन रूम हीटर के प्रयोग के दौरान पर्याप्त हवा निकासी का प्रबंध रखें। बंद कमरों में कोयले को जलाना खतरनाक हो सकता है। क्योंकि यह कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैस पैदा करती है। उपायुक्त ने कहा कि शीतलहर के दौरान पशुओं और पशुधन को जीवन यापन के लिए अधिक भोजन की आवश्यकता होती है क्योंकि ऊर्जा की आवश्यकता बढ़ जाती है। रात के समय पशुओं के आवास को सभी तरफ से ढक दें ताकि ठंडी हवाओं के सीधे संपर्क में आने से बचा जा सके।

# नए साल को लेकर हुड़दंग पर नकेल, जीरकपुर में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

खुशविंदर धालीवाल | जीरकपुर
समर न्यूज़

नववर्ष के स्वागत के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और हुड़दंग पर सख्ती से नकेल कसने के उद्देश्य से जीरकपुर पुलिस ने शुक्रवार को शहर और आसपास के संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए एसएसपी मोहाली हरमनदीप हंस के निर्देशों पर आयोजित किया गया, जिसकी अगुवाई एसपी देहात मनप्रीत सिंह गंभीर ने की। फ्लैग मार्च जीरकपुर के प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले चौक-चौराहों, बस स्टैंड, ढकोली, वीआईपी रोड, एयरोसिटी और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों से होकर गुजरा। मार्च के दौरान पुलिस बल ने आम जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश दिया कि नए साल की आड़ में किसी भी तरह की अराजकता, नशाखोरी, तेज रफ्तार, स्टंटबाजी या कानून तोड़ने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी मोहाली हरमनदीप हंस ने कहा कि नए साल के जश्न के दौरान पुलिस पूरी तरह सतर्क है और जिलेभर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। संवेदनशील स्थानों पर नाके लगाए गए हैं और लगातार गश्त की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी देहात मनप्रीत सिंह गंभीर ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा करना और असामाजिक तत्वों में भय का माहौल बनाना है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे नए साल का जश्न शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं, यातायात नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। फ्लैग मार्च के दौरान स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि पुलिस की सख्ती से नववर्ष का आगमन शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में होगा।



पुलिस फ्लैग मार्च निकालती हुई। - समर न्यूज़

# उपायुक्त ने समाधान शिविर में सुनी 5 लोगों की समस्याएं

## अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

उपायुक्त सतपाल शर्मा ने आज हरियाणा सरकार द्वारा निर्देशित समाधान शिविर में जिला के पांच लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर संबंधित विभाग को समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने शिविर में पंचकूला निवासी वीरेंद्र ढूल की माता मनसा देवी सिंह द्वार के साथ पीर बाबा की मजार को मेन रोड से हटवाने की मांग पर पीएमडीए को मामले की जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने शिव कुमार निवासी सुखदर्शनपुर की फैक्ट्री के गंदे पानी की निकासी को भूमि (जमीन) में आने से रोकने की शिकायत पर पीडब्लयूडी बीएंडआर को मौके का मुआयना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आई शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर बिना विलम्ब किए समाधान करें ताकि जिलावासियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके व उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर का आयोजन मुख्यमंत्री नायाब सैनी के निर्देशानुसार हर कार्यदिवस के दिन सोमवार व वीरवार को प्रात 10 बजे से 12 बजे तक किया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं समाधान शिविर से जुडते हैं व लोगों की समस्याओं पर किए गए समाधान की स्वयं मोनिटरिंग करते है। इसलिए समस्याओं के समाधान में अधिकारी किसी प्रकार की कोताही न बरतें।

# मोहाली में विश्वास फाउंडेशन ने जरूरतमंदों को बांटे 200 कंबल

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़



गत वर्षों की न्यायी इस वर्ष भी बढ़ती ठंड को देखते हुए सदैव मानवता की सेवा की भावना तथा समर्पण और सहयोग के उद्देश्य से विश्वास फाउंडेशन ने गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से 200 गर्म कंबल ठण्ड से बचाव हेतू मोहाली में वितरित किए। यह कम्बल विश्वास मेडिटेशन सेंटर सेक्टर 66 मोहाली के आस पास तरपाल से बनी झुग्गिओं में गुजर बसर कर रहे जरूरतमन्द परिवारों को वितरित किए गए। कम्बल मिलते ही सभी के चेहरे पर राहत एवम खुशी झलक रही थी। इन बेसहारों तथा वंचितों पर सबकी नजर नहीं जा पाती।

विश्वास फाऊंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास जी के निर्देशन में व रविवार की मेडिटेशन की बैठक में पहुंचे संस्था के अनुयाईओं ने मिलकर यह पुण्य कार्य किया। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष 1500 कंबल जरूरतमंदों को बांटे जाते है इस वर्ष 1000 कंबल जरुरतमन्द लोगों को बांटे जा चुके है। जरूरतमंदों की मदद में सदैव अपनी खुशी ढूंढना हमारा परम् धर्म होना चाहिए। विश्वास फाउंडेशन सदैव निस्वार्थ भावना से कार्यरत रहती है। इस अवसर पर विश्वास मेडिटेशन सेंटर सेक्टर 66 मोहाली के इंचार्ज शिशुपाल पठानिया, संतोष पठानिया व फाउंडेशन के कई अनुयायी उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट ड्यूटी पर SHO रूपेश चौधरी को मिला पुलिस आयुक्त का प्रशंसा पत्र

समर न्यूज़ | पंचकूला



24 दिसंबर 2025 को पंचकूला में हुए केंद्रीय गृह मंत्री भारत सरकार के दौरे के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सफलतापूर्वक संचालित करने पर सेक्टर-5 थाना प्रभारी निरीक्षक रूपेश चौधरी को पुलिस विभाग की ओर से विशेष प्रशंसा मिली है। पंचकूला के पुलिस आयुक्त सिबाश कबिराज, आईपीएस ने निरीक्षक रूपेश चौधरी को प्रशंसा पत्र जारी करते हुए उनके कार्य की सराहना की है। प्रशंसा पत्र में उल्लेख किया गया है कि केंद्रीय गृह मंत्री के एमआईपी (Most Important Person) रूट ड्यूटी के दौरान रूपेश चौधरी एवं उनकी टीम ने अत्यंत सावधानीपूर्वक योजना, प्रभावी समन्वय, सतर्कता और पेशेवर आचरण का परिचय दिया। प्रशंसा पत्र के अनुसार, निर्धारित मार्ग पर माननीय केंद्रीय गृह मंत्री की आवाजाही पूरी तरह सुरक्षित, सुचारू और बिना किसी अप्रिय घटना के संपन्न हुई। यातायात नियंत्रण, कानून व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन में SHO रूपेश चौधरी की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस आयुक्त ने पत्र में कहा कि जिस कुशलता और जिम्मेदारी के साथ एमआईपी रूट की व्यवस्थाएं की गईं, वह निरीक्षक रूपेश चौधरी की कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसेवा के प्रति समर्पण को दर्शाती हैं।

# महिला से सोने की बाली छीनने वाले 3 काबू

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

पंचकूला पुलिस की राइडर-4 टीम ने गश्त के दौरान सतर्कता का परिचय देते हुए स्नैचिंग की एक गंभीर वारदात का महज दो घंटे के भीतर सुलझाकर नगर कीर्तन के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर एक बुजुर्ग महिला से सोने की बालियां छीनने वाले तीन शातिर स्नैचरों को मजह 2 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 28 दिसंबर को डेराबस्सी निवासी 60 वर्षीय महिला पंचकूला के सेक्टर-4 में अपने भाई के घर आई हुई थीं। उसी दिन वह नगर कीर्तन देखने गई थीं। नगर कीर्तन के दौरान भारी भीड़ का फायदा उठाकर तीन युवकों ने महिला के कानों से सोने की बाली झपट लीं और मौके से फरार हो

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर थाना सेक्टर-5 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 304 व 3(5) के तहत मामला दर्ज कर तुरंत जांच शुरू की गई। इस दौरान गश्त पर तैनात राइडर-4 टीम, जिसमें एसपीओ नरेश, एसपीओ जसवीर एवं सेक्टर-2 पुलिस चौकी टीम जिसमें एएसआई कुलदीप सिंह व मुख्य सिपाही राकेश ने मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए शिकायत मिलने के महज दो घंटे के भीतर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोविंदा निवासी जिला नागपुर, महाराष्ट्र, विक्रमजीत उर्फ बॉबी निवासी अमृतसर, पंजाब तथा वीरू निवासी नागपुर के रूप में हुई है। तीनों आरोपी वर्तमान में मनीमाजरा, चंडीगढ़ में किराये के मकान में रह रहे थे।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। - समर न्यूज़

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी गोविंदा के खिलाफ पहले भी चोरी का मामला दर्ज है, जबकि विक्रमजीत के खिलाफ पूर्व में लड़ाई-झगड़े का केस दर्ज रह चुका है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीनी गई सोने की बाली भी बरामद कर ली हैं। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को आज कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने साफ किया है कि कानून तोड़ने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और आमजन की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# पुलिस ने सुरक्षित परिजनों से मिलवाया

## सोलन से रास्ता भटककर पंचकूला पहुंची मानसिक रुप से बीमार महिला

समर न्यूज़ | पंचकूला

पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए हिमाचल प्रदेश से रास्ता भटककर पंचकूला पहुंची एक महिला को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलवाकर एक सराहनीय कार्य किया है। इस पूरे मामले में पंचकूला पुलिस की दुर्गा शक्ति टीम व सेक्टर-1 पुलिस चौकी टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई निर्णायक साबित हुई। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि 28 दिसंबर की सुबह लगभग 9 बजे 25 वर्षीय युवती सोलन हिमाचल प्रदेश की निवासी है। वह मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण घर से बिना बताए निकल गई थी। परिजनों द्वारा काफी तलाश किए जाने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिल सका।

इसी दौरान दुर्गा शक्ति टीम गश्त के दौरान सेक्टर-1 स्थित माजरी चौक पर एक युवती को लावारिस अवस्था में भटकते हुए मिली। टीम ने तत्परता दिखाते हुए युवती को सुरक्षित सेक्टर-1 पुलिस चौकी पहुंचाया। पूछताछ के दौरान युवती की मानसिक स्थिति सामान्य नहीं पाई गई, जिस पर पुलिस ने संवेदनशीलता के साथ उनकी जानकारी एकत्र कर पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा युवती का पता लगाने के बाद उसके परिजनों से संपर्क किया गया। परिजनों ने बताया कि युवती मानसिक बीमारी से ग्रसित है और उसका उपचार चल रहा है, साथ ही वह पहले भी घर से निकल चुकी थी। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद युवती को रात करीब 10 बजे सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अपनी बेटी को सुरक्षित पाकर परिजनों ने पंचकूला पुलिस, विशेष रूप से दुर्गा शक्ति टीम व सेक्टर-1 चौकी इन्चार्ज राममेहर सिंह सहित पूरी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया।



महिला को पुलिस परिजनों के हवाले करती हुई। - समर न्यूज़

# उपायुक्त ने एनडीपीएस मामलों पर की चर्चा

समर न्यूज़ | पंचकूला

उपायुक्त सतपाल शर्मा ने निर्देश दिए कि जिला में दर्ज संगीन अपराधों की जांच में तेजी लाई जाए और मामलों की गहनता और निष्पक्षता से जांच करके कानून के दायरे में अपराधियों को सजा दिलवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। उपायुक्त ने यह निर्देश आज लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित चिन्हित अपराधों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में पंचकूला के कुल 98 पुराने मामलों व 2 नए एनडीपीसी मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें महिलाओं के विरूद्ध अपराध, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, चैन स्नेचिंग से संबंधित मामले शामिल है। बैठक में मामलों से संबंधित कानूनी पहलुओं पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि चिन्हित अपराध में कोर्ट में जाने से पहले अच्छी तरह जांच कर संगीन मामलों की रिपोर्ट तैयार की जाए और की गई कार्रवाही के बारे में उन्हें अवगत करवाया जाए। एसीपी विक्रम ने उपायुक्त को विस्तार से सभी मामलों के बारे में जानकारी दी।





बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त। - समर न्यूज़

उपायुक्त ने एसीपी को निर्देश दिये कि मामलों की जांच प्रक्रिया में तेजी ला कर जल्द से जल्द निपटान किया जाए ताकि पीड़ित को समय पर न्याय मिल सके, जिन संगीन अपराधिक मामलों में आरोप तय हो चुके है, ऐसे मामलों में न्यायालय के माध्यम से अपराधियों को कानून के अनुसार सजा दिलवाना सुनिश्चत किया जाए ताकि आपराधिक प्रवृति के लोगों में कड़ा संदेश जाए तथा वे इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय में मामलों की मजबूती से पैरवी की जाए ताकि अपराधी बच ना पाए। जिला न्यायवादी मनोज वशिष्ट ने उपायुक्त को विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किए गए मामलों में की गई कार्रवाई की प्रगति के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होने बताया कि लंबित मामलों में किसी में भी न्यायालय ने कोई निर्णय नही दिया है। जिला न्यायवादी ने उपायुक्त को आश्वासन दिलाया कि आपराधिक मामलों की जांच प्रक्रिया में और तेजी लाते हुए न्यायालय के माध्यम से अपराधियों को कानून के अनुसार सजा दिलवाना सुनिश्चित किया जाएगा।

सम्मान

### कॉलेज को NEP-2020 लागू करने के लिए मिला सम्मान

# हरियाणा सरकार ने सेक्टर-1 पीजी कॉलेज को किया सम्मानित

समर न्यूज़ | पंचकूला

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पंचकूला ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम करते हुए उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए प्रदान किए गए राज्य स्तरीय पुरस्कार को प्राप्त किया है। यह सम्मान महाविद्यालय द्वारा नई शिक्षा नीति के लक्ष्यों को धरातल पर उतारने हेतु किए गए सतत, सुनियोजित और छात्र-केन्द्रित प्रयासों की औपचारिक मान्यता है। यह पुरस्कार महाविद्यालय की उस प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जिसके अंतर्गत बहुविषयक शिक्षा प्रणाली, लचीली पाठ्य संरचना, कौशल-आधारित एवं व्यावसायिक शिक्षा, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC), वैल्यू-एडेड कोर्सेज, अनुभवात्मक शिक्षण तथा समग्र विद्यार्थी विकास जैसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख स्तंभों को प्रभावी ढंग से लागू किया गया। महाविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए चरणबद्ध, समावेशी और सुव्यवस्थित कार्ययोजना अपनाई। इसके अंतर्गत शिक्षकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम, कार्यशालाएं और क्षमता संवर्धन सत्र आयोजित किए गए, ताकि शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं को नीति के अनुरूप बनाया जा सके। विद्यार्थियों के लिए मल्टीपल एंट्री-एग्ज़िट सिस्टम, स्किल कोर्सेज, इंटर्नशिप, सामुदायिक सहभागिता और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की शुरुआत की गई। प्राचार्या डॉ. शैलजा छाबड़ा ने इस अवसर पर कहा कि यह पुरस्कार हमारे महाविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 केवल शैक्षणिक सुधार नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति दृष्टिकोण में व्यापक परिवर्तन है। हमारे समर्पित शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों से ही यह उपलब्धि संभव हो सकी है।



प्रिंसिपल डॉ. शैलजा छाबड़ा को सम्मानित करते हुए। - समर न्यूज़

NEP समन्वयक डॉ. अमरजीत ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए महाविद्यालय में विभिन्न समितियों का गठन किया गया, पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन किया गया तथा अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, कौशल विकास और बहुविषयक विकल्पों को सफलतापूर्वक लागू किया गया। यह सम्मान हमारी सामूहिक कार्यसंस्कृति का परिणाम है।

कॉलेज की जनसंपर्क अधिकारी डॉ. चित्रा तनवर ने कहा कि यह उपलब्धि केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि पूरे महाविद्यालय समुदाय की सामूहिक सफलता है। हमने यह सुनिश्चित किया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों का वास्तविक लाभ विद्यार्थियों तक पहुँचे। यह सम्मान हमें भविष्य में और अधिक नवाचार एवं उत्कृष्टता की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

महाविद्यालय द्वारा डिजिटल शिक्षण, इंटर्नशिप आधारित अधिगम, शोध संस्कृति के सुदृढ़ीकरण, मूल्य-आधारित शिक्षा, पर्यावरणीय चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व को भी नीति के अनुरूप बढ़ावा दिया गया है। यह सम्मान राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पंचकूला को राज्य के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में स्थापित करता है और यह सिद्ध करता है कि महाविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और भविष्य-उन्मुख शिक्षा प्रदान करने के लिए पूर्णत प्रतिबद्ध है।

# एल्युमिनियम फॉयल के ज्यादा इस्तेमाल से सेहत को 'नुकसान', किडनी हो सकती है कमजोर



**मोहाली।** **रोजमर्रा** की जिंदगी में हम कुछ चीजों का इस्तेमाल करते रहते हैं, लेकिन इस बात से बेखबर होते हैं कि ये सेहत के लिए कितनी खतरनाक हैं।
किचन में इस्तेमाल होने वाला एल्युमिनियम फॉयल भी ऐसी ही एक चीज है। कभी लंच बॉक्स में रोटी लपेटने के लिए, कभी खाने को ताजा रखने के लिए, तो कभी ओवन या गैस पर खाना पकाने के लिए इसका इस्तेमाल कर लिया जाता है। लेकिन विज्ञान का कहना है कि इसका ज्यादा इस्तेमाल सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। विज्ञान के अनुसार, एल्युमिनियम एक हल्की धातु है, जो गर्मी और कुछ खास चीजों के संपर्क में आने पर धीरे-धीरे प्रतिक्रिया करने लगती है। जब हम बहुत गर्म खाना या खट्टे और नमकीन पदार्थ एल्युमिनियम फॉयल में लपेटते हैं, तो इसके बेहद छोटे कण खाने में मिल सकते हैं। टमाटर, नींबू, सिरका, अचार या ज्यादा मसालेदार ग्रेवी जैसी चीजें इसकी रिएक्शन को तेज कर देती हैं। रिसर्च में कहा गया है कि सामान्य इस्तेमाल में यह मात्रा कम होती है, लेकिन रोजाना ऐसा करने से शरीर में एल्युमिनियम जमा होने का खतरा बढ़ सकता है। आयुर्वेद इसे शरीर में जमा होने वाले जहरीले तत्वों से जोड़कर देखता है, जो धीरे-धीरे बीमारी की जड़ बन सकते हैं।
एल्युमिनियम का असर सिर्फ पाचन तंत्र तक सीमित नहीं रहता। वैज्ञानिक भाषा में इसे न्यूरोटॉक्सिन कहा जाता है, यानी यह नर्वस सिस्टम को प्रभावित करने की क्षमता रखता है।
एल्युमीनियम फॉयल में पैक किया गया खाना हड्डियों और किडनी से जुड़ी परेशानियों को बढ़ाता है। विज्ञान बताता है कि एल्युमीनियम शरीर में कैल्शियम और फॉस्फोरस के सही अवशोषण में रुकावट डाल सकता है। इससे हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। किडनी का काम शरीर से बेकार पदार्थों को बाहर निकालना होता है और एल्युमीनियम भी इसी रास्ते से बाहर जाता है। लेकिन जिन लोगों की किडनी पहले से कमजोर होती है, उनके लिए यह अतिरिक्त बोझ बन सकता है।
आयुर्वेद में भी किडनी को शरीर का शोधन तंत्र माना गया है और उस पर ज्यादा दबाव पड़ना कई बीमारियों को जन्म दे सकता है। सबसे ज्यादा खतरा तब बढ़ता है जब एल्युमिनियम फॉयल का इस्तेमाल गर्म और खट्टे खाने के साथ किया जाता है। ऑफिस या स्कूल के लिए गर्म खाना सीधे फॉयल में लपेटना आजकल आम बात है, लेकिन यही आदत धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा सकती है। गर्मी एल्युमिनियम को ज्यादा सक्रिय बना देती है और भोजन में इसके कण मिलने की संभावना बढ़ जाती है।
इसका मतलब यह नहीं है कि एल्युमिनियम फॉयल पूरी तरह जहर है या इसका इस्तेमाल बिल्कुल ही छोड़ देना चाहिए। सही तरीका और सीमित उपयोग ही इसका समाधान है।

# शरीर पर चर्बी हटाने के लिए रोजाना करें उत्तान मंडूकासन, पीठ दर्द दूर करने में मददगार

**चंडीगढ़।** **योग** हमारी प्राचीन परंपरा का अहम हिस्सा रहा है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। उत्तान मंडूकासन ऐसा ही एक प्रभावी आसन है, जो शरीर की संतुलन शक्ति को भी बढ़ावा देने में मददगार होता है।
उत्तान मंडूकासन तीन शब्दों (उत्तान, मंडूक और आसन) के मेल से बना है। 'उत्तान' का मतलब ऊपर की ओर तना हुआ, 'मंडूक' यानी मेंढक, और 'आसन' यानी मुद्रा। यह एक ऐसी मुद्रा है जो शरीर को ऊपर की ओर तानकर की जाती है और इसे मेंढक समान शरीर की स्थिति में किया जाता है।
आयुष मंत्रालय के अनुसार, इस आसन के नियमित रूप से अभ्यास करने से कई तरह के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं।
रोजाना अभ्यास करने से रीढ़ की हड्डी के दोनों तरफ की मांसपेशियों को स्ट्रेच करता है, जिससे पीठ के दर्द और कमजोर हड्डियों में राहत मिलती है।
यह आसन शरीर की अतिरिक्त चर्बी को घटाने में भी मदद करता है। यह ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करता है, जिससे ऑक्सीजन और पोषक तत्व शरीर के अंगों तक बेहतर तरीके से पहुंचते हैं।
इसको नियमित करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं। इसके बाद दोनों पैरों के अंगूठे आपस में जुड़े होते हैं और घुटने खुले रहते हैं।
इसके बाद, धीरे-धीरे सांस लेते हुए अपने दोनों हाथों को ऊपर की ओर उठाकर कंधों के ऊपर विपरीत दिशा में रखें। इस स्थिति में, आपकी पीठ और गर्दन पूरी तरह से सीधी होनी चाहिए। कुछ समय तक इस स्थिति में बने रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य अवस्था में आ जाएं। इस आसन का अभ्यास करते समय ध्यान रखें कि अपनी शारीरिक क्षमता से अधिक जोर न लगाएं।
यह आसन शरीर को कई तरह के स्वास्थ्य संबंधी लाभ प्रदान करता है।
अगर किसी को कोहनी, पीठ, रीढ़ की हड्डी या फिर कोई गंभीर बीमारी है या सर्जरी हुई है, तो इस योगासन का अभ्यास न करें।
इस आसन के अभ्यास के दौरान अपनी शारीरिक क्षमता से अधिक जोर न लगाएं क्योंकि इससे चोट लगने की संभावना बढ़ सकती है।



# कनिष्क चौहान : 4 साल की उम्र में थामा बैट, अब अंडर 19 वर्ल्ड कप में जलवा बिखेरने को तैयार



**सिरसा।** गेंदबाजी ऑलराउंडर कनिष्क चौहान को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए चुना गया, जिसके बाद उन्हें अंडर 19 विश्व कप टीम में भी शामिल किया गया। हरियाणा का यह खिलाड़ी क्रिकेट मैदान पर अपनी चमक बिखेरने को तैयार है। 26 सितंबर 2006 को कनिष्क चौहान का जन्म हरियाणा के किसान परिवार में हुआ। कनिष्क के पिता प्रदीप कुमार एक किसान हैं, जबकि मां सरिता एक गृहिणी हैं।
कनिष्क परिवार के इकलौते बेटे हैं। बचपन से ही उन्हें क्रिकेट में दिलचस्पी थी। सिर्फ 4 साल की उम्र में उन्होंने गाजियाबाद में एकेडमी ज्वाइन कर ली। 8 साल की उम्र में कनिष्क ने सिरसा में ट्रायल दिया। बेटे की ट्रेनिंग के लिए परिवार साल 2014 में झज्जर से सिरसा शिफ्ट हो गया और कनिष्क ने शाह सतनाम स्टेडियम में खेलना शुरू किया।
कनिष्क दाएं हाथ के बल्लेबाज और ऑफ-ब्रेक स्पिन गेंदबाज हैं। करीब 14-15 साल की कड़ी मेहनत के बाद कनिष्क को पहली बार इंटरनेशनल मैच खेलने का मौका साल 2024 में मिला। उन्होंने अंडर-19 टीम की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू किया। कनिष्क ने इंग्लैंड में 5 वनडे मैच खेले, जिनमें 8 विकेट हासिल करने के साथ 114 रन बनाए। उन्हें 'बेस्ट ऑल-राउंडर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार मिला।
इस प्रदर्शन के आधार पर कनिष्क का चयन ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए हुआ। इसके बाद कनिष्क ने चैलेंजर ट्रॉफी और अफगानिस्तान के खिलाफ खेला। शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें अंडर-19 एशिया कप के लिए चुना गया।
अंडर-19 एशिया कप के लीग मुकाबलों में कनिष्क ने पाकिस्तान के खिलाफ बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन किया। 14 दिसंबर को खेले गए इस मुकाबले में उन्होंने 48 रन बनाने के साथ 3 विकेट भी हासिल किए। हरफनमौला प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। अब यही प्रदर्शन उनके वर्ल्ड कप टीम में चयन के पीछे का आधार बना है।
शाह सतनाम क्रिकेट एकेडमी, सिरसा के उभरते हुए प्रतिभाशाली युवा ऑलराउंडर कनिष्क चौहान आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम में चौके-छक्के लगाते हुए नजर आएंगे। आईपीएल ऑक्शन में इस होनहार खिलाड़ी को आरसीबी ने 30 लाख रुपए के बेस प्राइज में टीम में लिया है।
कनिष्क ने मीडिया से बातचीत में कहा, "मैंने शाह सतनाम स्टेडियम से अपने करियर की शुरुआत की। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अंडर 19 एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मैच में टीम इंडिया का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा, जिस वजह से भारत ने खिताब गंवा दिया। मैंने हार के कारणों से सबक लिया है। उम्मीद है कि अगले टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करूंगा।"

# बच्चे हों या बड़े, सभी के लिए फायदेमंद 'वर्षा ताली', एक्टिव होंगे एक्यूप्रेशर प्वाइंट्स

**मोहाली।** **बच्चों** के लिए वर्षा ताली या रेन क्लैप एक सरल और मजेदार योग अभ्यास है, जो विशेष रूप से उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए फायदेमंद माना जाता है।
यह अभ्यास बारिश की बूंदों की आवाज की नकल करता है, जिससे बच्चे खेल-खेल में मजेदार तरीके से शरीर को फायदे पहुंचा सकते हैं। वर्षा ताली एक प्रकार की ताली बजाने की क्रिया है, जो योग की क्लैपिंग थेरेपी का हिस्सा है। इसे रेन क्लैप भी कहा जाता है। यह अभ्यास बारिश शुरू होने और रुकने की प्रक्रिया को हाथों से दिखाता है। इसमें धीरे-धीरे ताली की आवाज को बढ़ाया और फिर कम किया जाता है। यह बच्चों के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है, क्योंकि यह मजेदार होने के साथ-साथ एक्यूप्रेशर पॉइंट्स को एक्टिव करता है।
मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योगा वर्षा ताली के फायदे विस्तार से बताता है। यह अभ्यास बच्चों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। इससे हाथों की हथेलियों पर मौजूद एक्यूप्रेशर पॉइंट्स सक्रिय होते हैं, जो शरीर के विभिन्न अंगों से जुड़े होते हैं। इसे नियमित करने से बच्चों की एकाग्रता बढ़ती है, याददाश्त मजबूत होती है और दिमाग तेज होता है। रेन क्लैप बच्चों के साथ ही बड़ों के लिए भी फायदेमंद है। यह तनाव कम करता है, मूड अच्छा रखता है और रक्त संचार बेहतर करता है।



**चंडीगढ़।** बच्चों में मोटर स्किल्स का विकास होता है, उनकी लिखावट सुधरती है और स्पेलिंग गलतियां भी कम होती हैं। खेल की तरह होने की वजह से बच्चे इसमें रुचि लेते हैं, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और वे अधिक सक्रिय और खुश भी रहते हैं।
योग विशेषज्ञ बताते हैं कि क्लैपिंग थेरेपी बच्चों के संज्ञानात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
वर्षा ताली अभ्यास को करने का तरीका भी सरल है। सबसे पहले दाहिने हाथ के अंगूठे को बाएं हाथ की हथेली पर थपथपाएं, जो बारिश की पहली कुछ बूंदों का प्रतीक है। आवाज बहुत धीमी रखें। फिर दो उंगलियों से थपथपाएं, फिर तीन, चार और अंत में पांचों उंगलियों से। अब पूरी हथेली से ताली बजाएं और आवाज को धीरे-धीरे तेज करते जाएं, जैसे बारिश तेज हो रही हो। जब आवाज सबसे तेज हो जाए, तो बारिश रुकने का प्रतीक बनाने के लिए उल्टे क्रम में वापस आएं।
इस क्रिया में सांस पर ध्यान रखें और मुस्कुराते हुए अभ्यास करें। इसे रोजाना 5-10 मिनट करें, सुबह का समय वर्षा ताली के लिए सबसे अच्छा है। यह अभ्यास न केवल बच्चों को योग से जोड़ता है, बल्कि उन्हें प्रकृति से भी जुड़ाव महसूस कराता है। अभिभावक और शिक्षक इसे घर या स्कूल में आसानी से शामिल कर सकते हैं।

# दिल्ली के आर्यन ने दी प्रतिद्वंदियों को करारी शिकस्त 8वें राउंड बाद ही बन गए चैंप



**नई दिल्ली।** भीलवाड़ा ओपन अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में सातवें एवं आठवे राउण्ड के मुकाबलों में कड़ी टक्कर, प्रतियोगिता का समापन कल भीलवाड़ा। जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय द्वितीय भीलवाड़ा ओपन अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग शतरंज में पांचवे दिन रविवार को सातवें एवं आठवें राउण्ड के मुकाबले भरपुर रोमांच ओर कश्मकश वाले रहे। इन मुकाबलों में बाजी जीतने के लिए शतरंज के शातिरों ने हर दाव पेच आजमाया। कई चाले प्रतिद्धंदी को चौका देने वाली ओर सोचने के लिए मजबूर करने वाली थी। शह ओर मात से भरपुर इस रोमांचक प्रतियोगिता के आठ राउण्ड के मुकाबले पूर्ण होने के बाद दिल्ली के आर्यन वार्ष्नेय ने एकल बढ़त बनाते हुए आठ राउण्ड में आठ पॉइन्ट अर्जित कर अपनी खिताबी दावेदारी पर मोहर लगा दी। हॉलाकि अभी प्रतियोगिता में अंतिम नवें दौर की बाजी होना बाकी है लेकिन पॉइन्ट टेबल के हिसाब से उनका चैम्पियन बनना तय हो चुका है। सातवे राउण्ड में आर्यन ने दिल्ली के ही अक्षत नेगी एवं आठवे राउण्ड में महाराष्ट्र के अपूर्वशेखर देशमुख को हराकर अपने अंकों की संख्या आठ तक पहुंचाई। आठवें दौर में बोर्ड नंबर दो पर राजस्थान के मुकेश मंडलोई एवं छतीसगढ़ के आशुतोष बनर्जी के मध्य बाजी ड्रॉ पर समाप्त हुई। काफी समय तक मंडलाई का पलड़ा भारी लग रहा था पर उन्होंने टाइम प्रेशर में भूल की ओर ड्रॉ पर संतोष करना पड़ा। आठवें राउण्ड में सभी टेबल पर रोमांचक एवं कश्मकश वाले गेम देखने को मिले। आर्यन के चैम्पियन बनना तय होने के बाद अब साढ़े छह अंकों के साथ आठ खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे है। अंतिम नवें राउण्ड के मुकाबले के बाद ही तय हो पाएगा कि दूसरे स्थान पर कौनसा खिलाड़ी रहता है। सातवें राउण्ड के मुकाबले प्रारंभ होने से पूर्व शुभारंभ विशिष्ट अतिथि एसबीआईएसए के सहायक महासचिव सुनील फरीक, बीएसएनएल के सेवानिृवत सहायक महाप्रबंधक प्रभुलाल जीनगर एवं एसबीआई के सेवानिवृत अधिकारी राकेश सिंघल ने किया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन करने के साथ सरस्वती वंदना की। इसके बाद टेबल एक पर सांकेतिक चाल चल राउण्ड का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत राजस्थान शतरंज संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाशचन्द्र डाड, कोषाध्यक्ष अजयकुमार गुप्ता, जिलाध्यक्ष मुकेश गुर्जर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हीरालाल टेलर, उपाध्यक्ष कन्हैयालाल टेलर, संयुक्त सचिव सत्यनारायण पुरोहित आदि ने किया। इस प्रतियोगिता में चार दृष्टिबाधित खिलाड़ियों सहित देश के 16 राज्यों के 248 शतरंज खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे है। प्रतियोगिता में 20 लाइव चैस बोर्ड चल रहे है जिसके माध्यम से हर मैच को ऑनलाइन दुनिया में देखा जा सकता है। महेश छात्रावास में चल रही शतरंज प्रतियोगिता में शामिल चार दृष्टिबाधित खिलाड़ियों राहुल वाधेला, अनिकेत चन्द्रकांत पटनी, धुरव भुवा, राहुल वाधेला,राहुल साहनी का भीलवाड़ा में दिव्यांग सेवा के क्षेत्र में कार्यरत संस्था सक्षम भीलवाड़ा के पदाधिकारियों ने सम्मान किया। संस्था के प्रान्तीय सदस्य अशोक व्यास, जिला उपाध्यक्ष अशोक चौहा, जिला सचिव शिवकुमार वैष्णव, सेवा केन्द्र संचालक रमेशचन्द्र असावा,राजेन्द्र पारीक, अरविन्द पारीक आदि ने दृष्टिबाधित खिलाड़ियों का उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया ओर उनकी हौंसला अफजाई की।
दृष्टिबाधित खिलाड़ियों ने बता दिया हम किसी से कम नहीं
समाज ने भले उन्हें दृष्टिबाधित की श्रेणी में रखा हो लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से बता दिया है कि वह प्रतिभा में किसी से कम नहीं है। भीलवाड़ा ओपन अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में अहमदाबाद के एनजीओ ब्लाइंड पीपुल्स एसोसिएशन के सहयोग से चार दृष्टिबाधित शतरंज खिलाड़ी शामिल है। ये दृष्टिबाधित शतरंज खिलाड़ी विभिन्न राउण्ड के मुकाबले में सामान्य खिलाड़ियों के साथ बाजी जीत रहे है या उन्हें ड्रॉ करने के लिए मजबूर कर रहे है।

# फिडे वर्ल्ड रैपिड चैंपियनशिप में हम्पी ने जीता ब्रॉन्ज




**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कोनेरू हम्पी को फिडे वर्ल्ड रैपिड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "चैंपियन एक नतीजे से नहीं, बल्कि बार-बार उच्चतम स्तर पर मुकाबला करने के साहस से परिभाषित होते हैं। विश्व मंच पर कांस्य पदक सच्ची उत्कृष्टता को दर्शाता है। आपकी यात्रा, निरंतरता और आप भारत को जिस तरह गौरवान्वित करती हैं।
वह लाखों लोगों को प्रेरित करता है।" इसके साथ ही सीएम ने वर्ल्ड रैपिड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर अर्जुन एरिगैसी को भी बधाई दी। सीएम नायडू ने लिखा, "पोडियम फिनिश करना उन्हें ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाला एकमात्र भारतीय पुरुष बनाता है। तेलंगाना के बेटे अर्जुन ने भारत की शानदार शतरंज विरासत में गौरव का एक और अध्याय जोड़ा है।" इस मौके पर खेल मंत्री मंडीपल्ली रामप्रसाद रेड्डी ने कहा, "हम्पी पहले ही फिडे वर्ल्ड रैपिड चैंपियनशिप में 5 पदक जीत चुकी हैं। भारत को उनकी इन उपलब्धियों पर गर्व है।"
खेल मंत्री ने कोनेरू हम्पी को सभी महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बताते हुए कामना की है कि वह भविष्य में और भी पदक अपने नाम करें। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने अर्जुन एरिगैसी को बधाई देते हुए लिखा, "फिडे वर्ल्ड रैपिड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल हासिल करने पर धरती के बेटे को बधाई। इस उपलब्धि के साथ, वह विश्वनाथन आनंद के बाद इस इवेंट में पोडियम तक पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। तेलंगाना को आपकी उपलब्धियों पर गर्व है।"
इसके साथ उन्होंने फिडे वर्ल्ड रैपिड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर कोनेरू हम्पी को भी बधाई देते हुए कहा है कि वह भारत को गौरवान्वित करती रहेंगी।
आंध्र प्रदेश खेल प्राधिकरण (एसएएपी) के अध्यक्ष ए. रवि नायडू ने कहा है कि हम्पी ने फिडे चैंपियनशिप में 5 मेडल जीतकर भारत को गौरवान्वित किया है।

# पुलिस के घेरे से सरेबाजार गैंग फरार

# चेन स्नैचर गैंग ने पुलिस को कुचलने की कोशिश की, एसीपी ने की पुष्टि

## पुलिसकर्मी कार का पीछा करते हुए दंडी स्वामी रोड पर पहुंचे

सौरव अरोड़ा| समर न्यूज़ लुधियाना

लुधियाना में सोमवार को सरेबाजार दोपहर सवा 11 बजे युवक पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। पुलिस ने पूरी घेराबंदी कर बदमाश की कार रोकी। फिर उसे बाहर निकालने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हो पाई। स्विफ्ट कार में सवार युवक ने 2-3 बार कार आगे-पीछे की और उसके बाद गाड़ी भगा ले गया। स्विफ्ट कार में एक युवती और एक अन्य युवक के भी बैठे थे। इन्हें पकड़ने आए पुलिसकर्मी खाली हाथ रह गए। पुलिस से भागने के चक्कर में युवक ने अपनी कार से कई गाड़ियों को टक्कर मार दी। दंडी स्वामी रोड पर हुई यह घटना CCTV कैमरे में कैद हो गई। लुधियाना पुलिस के एसीपी गुरइकबाल सिंह ने बताया कि कार में चेन स्नैचर गैंग के सदस्य थे, जिन्हें पकड़ने की कोशिश की गई। इस गैंग ने पुलिस मुलाजिमों को भी कार से कुचलने का प्रयास किया है, कई वाहनों को भी टक्कर मारकर नुकसान पहुंचाया है। गैंग का रूट ट्रेस कर लिया गया है। पुलिस की कई टीमें गैंग की गिरफ्तारी के लिए लगा दी गईं हैं।




*लुधियाना के दंडी स्वामी रोड पर दोपहर में स्थित मुख्य चौक पर लाल लाइट होने के कारण सभी वाहन खड़े थे। तभी एक स्विफ्ट कार चौक पर रुकी। उस कार में एक युवक और महिला बैठे थे। गाड़ी के पीछे पुलिस टीम लगी थी। जैसे ही 3 से 4 पुलिस कर्मी गाड़ी में बैठी महिला और व्यक्ति को पकड़ने लगे तो कार में सवार युवक ने गाड़ी बैक करनी शुरू कर दी। पुलिस कर्मी ने गाड़ी का डोर हैंडल खींचा लेकिन गाड़ी खुली नहीं।*

**▪ युवक को पकड़ने लिए पुलिसकर्मी ने कोहनी से तोड़ा शीशा :** *पुलिस कर्मी ने गाड़ी में सवार महिला और युवक को पकड़ने के लिए कोहनी मारकर शीशा तोड़ दिया लेकिन दरवाजा नहीं खोल पाया। इसके बाद पुलिस ने गाड़ी को घेर लिया लेकिन गाड़ी में सवार युवक ने कार बैक की और पुलिस कर्मियों पर चढ़ाने की कोशिश की। किसी तरह पुलिस कर्मियों ने अपना बचाव किया।*

**▪ भागने के लिए युवक ने कार से कई वाहनों में मारी टक्कर:** *गाड़ी के पीछे कुछ अन्य गाड़ियां भी खड़ी थी जिनके युवक ने टक्कर मारी और उन कारों को क्षतिग्रस्त कर दिया। उसने करीब 100 मीटर तक गाड़ी बैक गियर से भगाई। फिर जब दूसरी बार पुलिस कर्मी उसे पकड़ने लगे तो उसने दोबारा से गाड़ी आगे भगा ली। युवक को जब रास्ता नहीं मिला तो उसने फिर से गाड़ी की बैक गियर डाला और पुलिस को चकमा देकर फिर से गाड़ी आगे भगा कर ले गया।*

**▪ चश्मदीद ने बताया, मौके पर क्या हुआ...**
*संजय आहूजा ने कहा कि मेरे पिता ड्राइवर के साथ श्री दंडी स्वामी मंदिर में माथा टेकने आए थे। चौक पर लाल लाइट होने के कारण हमारी गाड़ी रुकी हुई थी। तभी हमारे से आगे एक गाड़ी खड़ी थी। पीछे से पुलिस वाले आए और उस गाड़ी वाले को रोकने लगे।*
*एक युवक को पुलिस ने गाड़ी से बाहर निकाल भी लिया था, लेकिन गाड़ी में सवार ड्राइवर गाड़ी को आगे पीछे करने लगा और उसने कई वाहनों को टक्कर मार दी। युवक पुलिस को चकमा देकर भाग गया। इतना नहीं पता कि गाड़ी में सवार लोग कौन थे।*

**▪ पुलिस बोली- कार सवारों का रूट ट्रेस किया, जल्द होंगे गिरफ्तार...**
*इस मामले को लेकर एसीपी गुरइकबाल सिंह ने कहा थाना सराभा नगर में लगातार स्नेचिंग की कुछ वारदातें हो रही थी। इस मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई थी। जैसे ही इन स्नैचर को पकड़ने की कोशिश की तो यह भाग गए, लेकिन इनका रूट ट्रेस हो चुका है, जल्दी ने पकड़ लिया जाएगा। इस गैंग में एक महिला और दो युवक है।*



**लुधियाना|** *लुधियाना में आज सुबह घना कोहरा और कम विज़िबिलिटी रही, सुबह के घंटों में दृश्यता कुछ सौ मीटर से लेकर लगभग 500–1000 मीटर के बीच दर्ज की गई, दिन चढ़ने पर आसमान आंशिक बादलों के साथ साफ़ हुआ और विज़िबिलिटी में सुधार हुआ। दिन का अधिकतम तापमान करीब 19 डिग्री और न्यूनतम करीब 7 डिग्री के आसपास रहा, सुबह ठंडी हवाओं और नमी के कारण शीत लहर जैसी स्थिति बनी रही।*

-लक्की भट्टी

# लंगर के लिए लाया दूध निकला नकली, गांव की सोसाइटी से लिया था 70 लीटर

समर न्यूज़ | लुधियाना



लुधियाना के सबसे पॉश और व्यस्त इलाकों में शामिल मल्हार रोड पर रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक तेज रफ्तार ऑडी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे नींव पत्थर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पत्थर के टुकड़े-टुकड़े हो गए और कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चंडीगढ़ नंबर की ऑडी कार अचानक संतुलन खो बैठी और सड़क किनारे लगे पत्थर से जा भिड़ी। हादसे के दौरान जोरदार धमाके की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार और राहगीर दहशत में आ गए। गनीमत रही कि कार के एयरबैग समय पर खुल गए, जिससे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही पीसीआर टीम मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जब टीम घटनास्थल पर पहुंची तो कार लावारिस हालत में खड़ी मिली। आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने भी ड्राइवर को वाहन से बाहर निकलते नहीं देखा। आशंका जताई जा रही है कि हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक, वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर मालिक का पता लगाया जा रहा है। इसके साथ ही मल्हार रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि दुर्घटना तेज रफ्तार के कारण हुई या किसी अन्य वाहन की भी इसमें भूमिका थी। मामले की जांच जारी है।

# आने वाले दिनों में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगा शिअद : आरडी शर्मा

राहुल शर्मा | लुधियाना समर न्यूज़

शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता आर डी शर्मा ने कहा कि पंजाब उपचुनाव के नतीजों ने साफ कर दिया



है कि पार्टी के कार्यकर्ता दोबारा संगठन को मजबूत करने में जुट गए हैं। उनका कहना है कि पार्टी अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल लगातार कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा रहे हैं, जिससे पुराने और नए दोनों वर्कर का भरोसा अकाली दल पर और मजबूत हो रहा है। शर्मा ने कहा कि जब-जब पंजाब पर कोई प्राकृतिक आपदा आई, तब-तब सुखबीर बादल लोगों के बीच खड़े दिखाई दिए। हाल की बाढ़ के दौरान भी उन्होंने मैदान में रहकर यह संदेश दिया कि अकाली दल ज़मीन से जुड़ा दल है। उन्होंने दावा किया कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, जनता का विश्वास और समर्थन पार्टी के साथ बढ़ रहा है। हर स्तर पर कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने में जुटा है।

# होजरी की फैक्ट्रियों में रेड मारकर कपड़े चुराने वाले गैंग के 4 सदस्यों को पुलिस ने किया काबू, दो फरार

**• आरोपी तरुण कपूर उर्फ लक्की के खिलाफ अलग-अलग थानों में दर्ज हैं 24 के करीब मामले**





दलजीत विक्की | लुधियाना समर न्यूज़

हौजरी की फैक्ट्रियों में रेकी कर कपड़े चुराने वाले गैंग के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया और उनसे लाखो रुपये का चोरी का माल,गाड़ी और अवैध शराब बरामद की है गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तरुण कपूर उर्फ लक्की ,सम्मान सिंह,रमनदीप सिंह उर्फ जस्सू और तनवीर मलिक के रूप में हुई हैं जबकि इस मामले में नामजद 2 आरोपी अभी फरार बताये जा रहे है। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया जहाँ से पुलिस ने उनका 1 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है पुलिस उनसे सख्ती से पूछताछ कर रही है ताकि आरोपियों से इलाके में की हुई और वारदातों के बारे में पता लगाया जा सके।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एसएसपी इंडस्ट्रियल एरिया इंद्रजीत सिंह बोपाराय और एसएचओ मोती नगर भूपिंदर सिंह ने बताया कि शेरपुर अमर नगर निवासी मालिक धन गुरु नानक होजरी के मालिक गगनदीप सिंह,के बयान पर मोती नगर पुलिस ने 25 दिसंबर को चोरी का मामला दर्ज किया था।जिसके बाद थाना मोती नगर पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों और चोरी का माल खरीदने वाले एक व्यक्ति तनवीर मलिक को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से शिकायतकर्ता गगनदीप सिंह की फैक्ट्री से चोरी हुए माल के 16 बैग बरामद किए गए।आरोपियों ने चोरी की इस वारदात को अंजाम देने के लिए जिस महिंद्रा बोलेरो पिकअप गाड़ी जिसका नंबर HR-68A-4164 का इस्तेमाल किया था,उसे भी बरामद कर लिया है।

एसीपी इंद्रजीत सिंह बोपाराय ने बताया कि उक्त आरोपी अलग-अलग हौजरी की दुकानों और फैक्ट्रियों में रेकी के बाद चोरी करते थे और उनके गैंग में 6 मेंबर शामिल थे।इसके अलावा जांच के दौरान आरोपी तरन कपूर उर्फ लक्की से गैर-कानूनी अंग्रेजी शराब ब्रांड ऑल सीजन्स गोल्ड कलेक्शन रिजर्व व्हिस्की की 30 पेटियां (कुल 1440 क्वार्टर) बरामद की गईं। जांच के दौरान, एक आरोपी तरुण कपूर उर्फ लक्की के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मामला जुर्म में बढ़ौतरी की गई है । गिरफ्तार आरोपी तरुण कपूर उर्फ लक्की के खिलाफ लुधियाना के अलग-अलग थानों में 24 के करीब मामले दर्ज हैं। आरोपियों से आगे की पूछताछ जारी है और और भी अहम खुलासे होने की संभावना है।

**कूड़ा संकट** जगराओं में कूड़ा डंप विवाद गहराया

# कौंसिल की बाजार में कूड़ा डालने की कोशिश पर व्यापारी भड़के... बोले-ऐसा होने नहीं देंगे

समर न्यूज़ | लुधियाना



जगराओं शहर में कूड़ा प्रबंधन का संकट गहरा गया है। नगर कौंसिल द्वारा मुख्य बाजार के बीच स्थित बंद किए गए कूड़ा डंप को दोबारा खोलने के प्रयास के बाद व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। कौंसिल अधिकारियों ने कथित तौर पर डंप के गेट के ताले तोड़ दिए थे, लेकिन सतर्क दुकानदारों ने इस कदम को विफल कर दिया।कौंसिल के इस मनमानी और तानाशाही रवैये के खिलाफ मेन बाजार के व्यापारियों ने सड़कों पर उतरकर धरना दिया और पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इससे बाजार में तनावपूर्ण स्थिति बन गई।

**▪ फेंकने के लिए कोई जगह नहीं बची...**
जानकारी के अनुसार, नगर कौंसिल के पास फिलहाल कूड़ा फेंकने के लिए कोई जगह नहीं बची है। इसी कारण सफाई कर्मियों ने पूरे शहर से कूड़ा उठाना बंद कर दिया है। सफाई कर्मियों का कहना है कि जब तक कूड़ा डंप करने की जगह नहीं मिलेगी, तब तक शहर की सफाई नहीं होगी। पूर्व कौंसिल प्रधान जतिंदरपाल राणा ने कूड़े की गंभीर समस्या का समाधान करते हुए बाजार में बने कूड़ा डंप को बंद करवाया था। इसका उद्देश्य शहर की सुंदरता और व्यापारिक माहौल को बचाना था। हालांकि, उनके निलंबित होने के बाद कूड़ा संकट ने विकराल रूप धारण कर लिया।

**▪ सड़क किनारे पड़े कूड़ा डंप को हटवाया था...**
इससे पहले, डिस्पोजल रोड पर भी 25 दिनों तक लगातार धरना देकर लोगों ने सड़क किनारे पड़े कूड़ा डंप को हटवाया था। इसके बाद नगर कौंसिल अधिकारियों के निर्देश पर सफाई कर्मियों ने कूड़ा नगर कौंसिल कार्यालय के अंदर ही फेंकना शुरू कर दिया था, जिससे वहां कूड़े के ढेर लग गए और बदबू से स्थिति बदतर हो गई। स्थिति इतनी बिगड़ गई थी कि कौंसिल परिसर में रहने वाले लोगों और नजदीकी अस्पताल के डॉक्टरों को धरना देकर वहां कूड़ा फेंकना बंद करवाना पड़ा। इसके बाद सफाई कर्मियों ने स्पष्ट कर दिया कि डंपिंग साइट नहीं मिलने पर सफाई कार्य नहीं होगा। अब जब नगर कौंसिल ने फिर से बाजार में बंद डंप को चालू करने की कोशिश की और ताले तोड़े, तो व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने नगर कौंसिल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

**▪ नियमित सफाई करवाते, तो यह संकट नहीं आता- राणा..**
दुकानदारों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि चाहे कुछ भी हो जाए, वे आम आदमी पार्टी की सरकार को जगराओं शहर को नर्क बनने नहीं देंगे और न ही बंद किए गए डंप पर दोबारा कूड़ा फेंकने देंगे। पूर्व कौंसिल प्रधान जतिंदरपाल राणा ने कहा कि अगर नगर कौंसिल अधिकारी समय रहते कूड़े की नियमित सफाई करवाते, तो आज यह संकट खड़ा ही न होता। उन्होंने आरोप लगाया कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें बदनाम करने के लिए कौंसिल अधिकारियों ने आम आदमी पार्टी के कुछ नेताओं के इशारे पर कूड़े का खेल खेला, लेकिन अब उसी खेल में कौंसिल अधिकारी खुद बुरी तरह फंस चुके हैं।

# मनरेगा पर वड़िंग-बिट्टू आमने-सामने

**लुधियाना|** मनरेगा पर कांग्रेस और भाजपा में घमासान चल रहा है। सोमवार को लुधियाना में पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू आमने-सामने हुए। वड़िंग ने मनरेगा को बंद करने के लिए भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए तो रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि कांग्रेस ने जो चोर मोरियां छोड़ी थी वो बंद करवाई हैं। वड़िंग ने प्रेस कान्फ्रेंस कर मनरेगा को बंद करके VB-G RAM G लाने पर विरोध जताया और भाजपा सरकार को जमकर कोसा। राजा वड़िंग ने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीब का चूल्हा बंद कर दिया है।

# दंगल से युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा: आशु

समर न्यूज़ | लुधियाना



लुधियाना में दीपे शाह कलंदर स्पोर्ट्स क्लब की ओर से 6वां कुश्ती दंगल बड़े उत्साह और धूमधाम से आयोजित किया गया। इस मौके पर विशेष रूप से पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु उपस्थित रहे। दंगल में पंजाब के साथ-साथ विदेशों से भी पहलवानों ने भाग लिया, जिनकी कुश्ती ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। भारत भूषण आशु ने कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं को नशे से दूर रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब की पारंपरिक खेल संस्कृति को जीवित रखने के लिए इस तरह के कुश्ती दंगल लगातार आयोजित होने चाहिए। दंगल में विजेताओं के लिए आकर्षक इनाम रखे गए थे। पहले स्थान पर रहने वाले पहलवान को ट्रैक्टर, दूसरे स्थान पर बुलेट मोटरसाइकिल, तीसरे स्थान पर स्पलेंडर मोटरसाइकिल और चौथे स्थान पर भी स्पलेंडर मोटरसाइकिल पुरस्कार स्वरूप दी गई। इस अवसर पर पंजाबी इंडस्ट्री के कई कलाकार भी मौजूद रहे, जिन्होंने दंगल की रौनक बढ़ाई। क्लब के सदस्यों ने बताया कि यह कुश्ती दंगल पिछले 6 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है और हर साल भारत भूषण आशु का सहयोग उन्हें मिलता रहा है। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों को जारी रखने की बात कही।

# पिस्टल से दुल्हे ने खुद को गोली मारी; 16 को जानी थी बारात

समर न्यूज़ | लुधियाना

पंजाब के लुधियाना में युवक ने शादी से पहले लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। उसकी लाश होटल के कमरे में मिली। उसकी 16 जनवरी को शादी होने वाली थी। शुरुआती जांच के मुताबिक युवक कमल रायकोट में बरनाला चौक के पास स्थित सिमर होटल में ठहरा हुआ था। जहां सुसाइड से पहले उसने अपने दोस्तों के साथ शराब पार्टी की। इसके बाद वह दोस्तों को घर छोड़कर फिर होटल लौट आया। सोमवार सुबह उसने गोली मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही रायकोट सिटी पुलिस मौके पर पहुंच गई। डीएसपी रायकोट हरजिंदर सिंह और थाना सिटी प्रभारी गुरसेवक सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया। डीएसपी ने बताया कि फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। परिजनों के बयान दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उधर, मरने वाले युवक की पहचान कमल निवासी गांव जलाल दीवाल के रूप में हुई है। उसका परिवार खेतीबाड़ी करता है। उसका छोटा भाई कनाडा में रहता है। बड़े भाई की शादी अटैंड करने वह भी कनाडा से आया हुआ था। कमल के सुसाइड से शादी की खुशियां गम में बदल गई है।

**▪ रविवार की रात को दोस्तों के साथ की शराब पार्टी...**
*जानकारी के अनुसार रविवार रात कमल ने रायकोट में अपने कई दोस्तों के साथ शराब पार्टी की। देर रात वह अपनी कार से दोस्तों को गांव जलाल दीवाल छोड़कर दोबारा रायकोट लौट आया और सिमर होटल के कमरे में ठहर गया। सोमवार तड़के उसने होटल के कमरे में पिस्तौल से खुद को गोली मार ली, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।*

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 115